
**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
**Completely NEET Counselling Guidance specially for**
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
# विजडम इंडिया
निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति
EMAIL: sheelshukla100@gmail.com
लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 13 अंक: 161 लखनऊ, मंगलवार 23 जनवरी 2024 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

## ''राममय'' हुआ अयोध्या पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ प्रभु श्रीराम अयोध्या में हुए स्थापित से लौटनें के बाद पीएम मोदी का बड़ा निर्णय

एजेसी नई दिल्ली मोदी ने आगे कहा कि अयोध्या से लौटने के बाद मैंने पहला निर्णय लिया है कि हमारी सरकार 1 करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर लगाने के लक्ष्य के साथ "प्रध्पधानमंत्री सूर्योदय योजना" प्रारंभ करेगी। अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दिल्ली लौटे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बड़ा निर्णय लिया है। उन्होंने कहा है कि सरकार प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना शुरू करेगी। इसका लक्ष्य एक करोड़ छतों पर सोलर सिस्टम लगाना है। इस बात को लेकर खुद प्रधानमंत्री ने जानकारी दी है। उन्होंने एक पोस्ट में कहा कि सूर्यवंशी भगवान श्री राम के आलोक से विश्व के




सभी भक्तगण सदैव ऊर्जा प्राप्त करते हैं। आज अयोध्या में प्राण–प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर मेरा ये संकल्प और प्रशस्त हुआ कि भारतवासियों के घर की छत पर उनका अपना सोलर रूफ टॉप सिस्टम हो। मोदी ने आगे कहा कि अयोध्या से लौटने के बाद मैंने पहला निर्णय लिया है कि हमारी सरकार 1 करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर लगाने के लक्ष्य के साथ "प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना" प्रारंभ करेगी। उन्होंने कहा कि इससे गरीब और मध्यम वर्ग का बिजली बिल तो कम होगा ही, साथ ही भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बनेगा। नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को एक नए युग के आगमन का प्रतीक करार दिया और लोगों से अगले 1,000 वर्षों के मजबूत, भव्य और दिव्य भारत की नींव बनाने का आह्वान किया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद 'सियावर रामचंद्र की जय' और 'जय श्री राम' के उद्घोष के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह अवसर केवल जीत का नहीं बल्कि विनम्रता का है। प्रधानमंत्री ने संतों, नेताओं, उद्योगपतियों, फिल्मी सितारों, कवियों, साहित्यकारों और खिलाड़ियों की एक चुनिंदा सभा को संबोधित करते हुए कहा, "हमें आज से, इस पवित्र समय से अगले 1,000 साल के भारत की नींव रखनी है। मंदिर निर्माण से आगे बढ़कर हम सभी देशवासी इस पल से समर्थ, सक्षम, भव्य, दिव्य भारत के निर्माण की सौगंध लेते हैं।'

## राम मंदिर दर्शन करने कब से जा सकेंगे भक्त, क्या होगी टाइमिंग, कब पूरा होगा निर्माण कार्य ?

संवाददाता।

लखनऊ अयोध्या समय की बात करें तो श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की वेबसाइट के मुताबिक मंदिर को दर्शन के लिए सुबह और शाम में खोला जाएगा। सुबह 7रू00 से 11रू30 तक खुला रहेगा जबकि दोपहर में 2.00 से शाम 7.00 बजे तक दर्शन हो सकेंगे। कुल मिलाकर देखें तो 24 घंटे में 9 घंटे ही श्री राम के दर्शन आम लोग कर सकेंगे। राम मंदिर को लेकर जो सदियों का इंतजार था, आखिरकार वह खत्म हो गया। अयोध्या में भव्य राम मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भी हो गई है। गर्भगृह में रामलला की 51 इंच की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। इस दौरान देश के विभिन्न जगत के गणमान्य लोग भी मौजूद



रहे। इस मूर्ति को कर्नाटक के मूर्तिकार अरुण योगीराज ने बनाया है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में साफ तौर पर कहा कि आज सदियों का इंतजार खत्म हुआ। आज हमारे राम आ ही गए। उन्होंने यह भी कहा कि राम सिर्फ हमारे नहीं, राम तो सभी के हैं। राम आग नहीं, बल्कि ऊर्जा हैं राम विवाद नहीं बल्कि समाधान है। आज अयोध्या में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। अयोध्या में आज राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद गणमान्य लोगों ने दर्शन किया है। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि आखिर आम लोग राम मंदिर में दर्शन कब से कर सकेंगे?हर दिन डेढ़ लाख से ज्यादा श्रद्धालु आएंगे इसको लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि राम मंदिर को आम लोगों के लिए 23 जनवरी से ही खोल दिया जाएगा। इतना ही नहीं, ट्रस्ट को इस बात का अनुमान है कि हर दिन डेढ़ लाख से ज्यादा श्रद्धालु वहां पहुंच सकते हैं। ऐसे में रामलला के दर्शन के लिए हर श्रद्धालुओं को 15 से 20 सेकंड ही मिल सकेगा। क्या होगी टाइमिंग समय की बात करें तो श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की वेबसाइट के मुताबिक मंदिर को दर्शन के लिए सुबह और शाम में खोला जाएगा। सुबह 7रू00 से 11रू30 तक खुला रहेगा जबकि दोपहर में 2रू00 से शाम 7रू00 बजे तक दर्शन हो सकेंगे। कुल मिलाकर देखें तो 24 घंटे में 9 घंटे ही श्री राम के दर्शन आम लोग कर सकेंगे। आरती की टाइमिंग आरती का समय सुबह 6रू30 और शाम को 7रू30 रहने वाला है।

## सियावर रामचन्द्र की जय... शशि थरूर ने अयोध्या से राम लला की शेयर की तस्वीर

संवाददाता

अयोध्या कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों का कोई भी नेता इस कार्य क्रम में नहीं गया, और सत्तारूढ़ भाजपा पर इस कार्यक्रम का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने सोमवार के राम मंदिर प्रतिष्ठा समारोह के बाद राम लला की मूर्ति की एक तस्वीर पोस्ट की। राम मंदिर प्रतिष्ठा समारोह सोमवार, 22 जनवरी को हुआ, जिसमें प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुष्ठान का नेतृत्व किया। समारोह में शामिल होने के लिए अलग–अलग क्षेत्रों की कई जानी–मानी हस्तियां अयोध्या में मौजूद थीं। हालाँकि, कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों का



कोई भी नेता इस कार्य क्रम में नहीं गया, और सत्तारूढ़ भाजपा पर इस कार्यक्रम का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। क्रम में नहीं गया, और सत्तारूढ़ भाजपा पर इस कार्यक्रम का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। राम मंदिर उद्घाटन की पूर्व संध्या पर शशि थरूर ने कहा कि कांग्रेस ने इस कार्यक्रम में शामिल होने से इनकार कर दिया क्योंकि पार्टी को लगा कि यह एक राजनीतिक कार्यक्रम है। थरूर ने कहा कि हममें से प्रत्येक की अपनी धार्मिक मान्यताएं हैं और हम उसके अनुसार कार्य करते हैं। एक पार्टी के रूप में, रुख बहुत स्पष्ट है। प्रधानमंत्री वह कार्य कर रहे हैं जो एक बहुत ही राजनीतिक अभ्यास बन गया है और हमें नहीं लगता कि यह अच्छी बात है। यह पूछे जाने पर कि क्या उनकी राम मंदिर प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर किसी मंदिर में पूजा करने की योजना है, थरूर ने कहा कि मैं मंदिर में प्रार्थना करने जाता हूं, राजनीति करने नहीं।

## राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर स्वच्छकारो को धींरेन्द्र सिंह ने किया सम्मानित

संवाददातां

नोएडा धीरेन्द्र सिंह जी ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर स्वच्छकारों को शाल भेंट कर सम्मानित किया, उन्होंने क्षेत्र के मंदिरों के चारों ओर और गलियों को साफ रखा। उनका योगदान सराहनीय है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सेवा है और राम राज्य की नींव है। जेवर।आज राम जन्मभूमि अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक और धार्मिक अवसर पर जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह जी ने विधान सभा के विभिन्न क्षेत्रों में राम यात्रा और राम गोष्टी का आयोजन करवाया। उन्होंने राम भक्तों के साथ जेवर व रबूपुरा में लाइव टीवी पर राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान को देखा और उसमें शामिल हुए। धीरेन्द्र सिंह जी ने राम लला को देश की आस्था का और आराध्य का केंद्र बताया। उन्होंने कहा



कि राम मंदिर का निर्माण राम भक्तों का सौवर्णिम सपना है, जो आज साकार हो रहा है। उन्होंने रामजी के विषय में बोला प्रभु राम हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के सर्वोत्तम आयामों के प्रतीक हैं। वे बुराई के विरुद्ध निरंतर युद्धरत अच्छाई का आदर्श प्रस्तुत करते हैं। हमारे राष्ट्रीय इतिहास के अनेक अध्याय, प्रभु राम के जीवन–चरित और सिध्द्धांतों से प्रभावित रहे हैं और उनके जीवन के आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ जी का इस दिव्य आयोजन के लिए आभार प्रकट किया और धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इन दोनों नेताओं ने राम मंदिर के लिए अटूट संकल्प और अदम्य साहस दिखाया है। धीरेन्द्र सिंह जी ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर स्वच्छकारों को शाल भेंट कर सम्मानित किया, उन्होंने क्षेत्र के मंदिरों के चारों ओर और गलियों को साफ रखा। उनका योगदान सराहनीय है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सेवा है और राम राज्य की नींव है, उन्होंने स्वच्छकारों को राम भक्तों का अभिन्न अंग बताया और उनके प्रति सम्मान और सहानुभूति व्यक्त की। धीरेन्द्र सिंह जी ने कहा कि राम नाम ही शक्ति है, राम नाम ही शांति है, राम नाम ही भक्ति है। धीरेन्द्र सिंह जी ने राम मंदिर के निर्माण के लिए राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट, विश्व हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, शिव सेना, बजरंग दल, अखिल भारतीय संत समिति, अखिल भारतीय आचार्य सभा, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद, अयोध्या संत समिति, अयोध्या महापंचायत, अयोध्या वासियों, राम भक्तो को राम मंदिर के निर्माण में अपना सहयोग देने के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि वे आगे भी राम भक्ति के साथ राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देते रहेंगे। धीरेंद्र सिंह जी ने अंत में राम लला की कृपा से अपने क्षेत्र के विकास और समृद्धि की कामना की।

## क्या है रामराज्य की परिकल्पना, आखिर क्यों हो रही मोदी-योगी की इतनी चर्चा



लखनऊ राम सिर्फ हमारे नहीं, राम तो सबके हैं। इस दौरान अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी कहा कि रामराज्य का उद्घोष हो चुका है। राजनीति में हमने कई बार रामराज्य का इस्तेमाल होते हुए खूब सुना है। वर्षों का इंतजार खत्म हो गया। आज अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न हुआ। इस दौरान प्रधानमंत्री ने साफ तौर पर कहा कि राम आग नहीं, राम तो ऊर्जा है। राम विवाद नहीं, राम समाधान हैं। राम सिर्फ हमारे नहीं, राम तो सबके हैं। इस दौरान अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी कहा कि रामराज्य का उद्घोष हो चुका है। राजनीति में हमने कई बार रामराज्य का इस्तेमाल होते हुए खूब सुना है। ऐसे में सवाल यह है कि आखिर रामराज्य की परिकल्पना क्या है, महात्मा गांधी की नजरों में राम राज्य क्या था? गोस्वामी तुलसीदास जी ने एक रामराज्य की परिकल्पना की थी। यह समृद्ध सुशासन का प्रतीक था। जहां साम, दाम, दंड और भेद आदि नीतियों की कोई आवश्यकता ना हो। रामराज्य में सभी लोग सुखी हो, कोई दुखी ना हो, रामराज्य में सामानता हो, वहां कोई कमजोर ना हो और कोई अपनी ताकत का इस्तेमाल कमजोर पर ना करें। जहां किसान, व्यापारी, मजदूर, महिलाओं समेत सभी सुखी हो। किसी को किसी चीज की तकलीफ या समस्या ना हो। रामराज वही है जहां हर व्यक्ति, नर नारी अहंकार, दंभ छल और कपट से मुक्त हो। सभी एक दूसरे की आदर करें। सभी में एक दूसरे के प्रति कृतज्ञता का भाव हो। सभी लगातार राष्ट्र निर्माण में लगे रहे।

## कौन है असली शिवसेना ? अभी खत्म नहीं हुई जंग सुप्रीम कोट सुने एकनाथ शिंदे से मांगा जवाब

एजेंसी।

महाराष्ट संक्षिप्त सुनवाई के दौरान, अदालत ने यूबीटी समूह का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी से पूछा कि उन्होंने पहली बार में उच्च न्यायालय का दरवाजा क्यों नहीं खटखटाया। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके खेमे के 38 अन्य शिवसेना विधायकों से उद्धव बालासाहेब ठाकरे (यूबीटी) समूह द्वारा दायर एक याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें शिंदे के खिलाफ



अयोग्यता याचिकाओं को खारिज करने के महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को चुनौती दी गई है। वे विधायक जिन्होंने 2022 में विद्रोह के दौरान उनका समर्थन किया और सीएम के गुट को असली शिवसेना माना। भारत के मुख्य न्यायाधीश धनंजय वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली एक पीठ ने उन सभी 39 विधायकों को नोटिस जारी किया, जिनके खिलाफ सदन में पार्टी व्हिप का उल्लंघन करने के लिए दल–बदल विरोधी कानून के तहत ठाकरे खेमे द्वारा अयोग्यता याचिकाएं दायर की गई थीं। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने दो सप्ताह के बाद मामले पर फिर से सुनवाई करेगी। जून 2022 में शिवसेना को विभाजन का सामना करना पड़ा जब एकनाथ शिंदे और 38 अन्य विधायकों ने सरकार बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से हाथ मिला लिया। विद्रोह ने तत्कालीन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार को गिरा दिया। संक्षिप्त सुनवाई के दौरान, अदालत ने यूबीटी समूह का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी से पूछा कि उन्होंने

## अयोध्या पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद तमिलनाडु में सीधा प्रसारण, डीएमके बीजेपी में छिड़ा कोल्ड वार

एजेंसी।

तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई ने कहा कि भगवान राम के भक्त किसी भी निजी परिसर के भीतर एक एलईडी स्क्रीन पर अभिषेक कार्यक्रम का प्रसारण करने के लिए स्वतंत्र हैं, और यदि एचआर एंड सीई–प्रशासित मंदिरों में समारोह आयोजित किए जाते हैं तो सूचना दी जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट सरकार द्वारा सोमवार को अयोध्या में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा (प्रतिष्ठापन) समारोह के सीधे प्रसारण के लिए ठीक नहीं करने के निर्देश दिए गए, जिसके बाद बिजली द्रमुक और तमिलनाडु राष्ट्रपति के अन्नामलाई के बीच वाकयुद्ध हुआ। अन्नामलाई की प्रतिक्रिया पर अदालत के आदेश पर स्कूल के सलाहकार सरवनन अन्नादुराई ने कहा कि अफवाहें मत फैलाओ। तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई ने कहा कि भगवान राम के भक्त किसी भी निजी परिसर के भीतर एक एलईडी स्क्रीन पर अभिषेक कार्यक्रम का प्रसारण करने के लिए स्वतंत्र हैं, और यदि एचआर एंड सीई–प्रशासित मंदिरों में समारोह आयोजित किए जाते हैं तो सूचना दी जानी चाहिए। अन्नामलाई ने कहा कि भजन आयोजित करने, विशेष पूजा करने या अन्नदान करने पर कोई प्रतिबंध नहीं है। अन्नामलाई को जवाब देते हुए डीएमके प्रवक्ता ने कहा कि कोर्ट ने अन्नामलाई के झूठ का पर्दाफाश कर दिया है। मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश का हवाला देते हुए अन्नादुराई ने कहा कि यह बिल्कुल स्पष्ट है कि शुभ अवसर को ध्यान में रखते हुए समारोह का आयोजन करना, भजन गानाध्राम नाम का उच्चारण करनाध अन्नधन देना प्रतिबंधित नहीं है। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार के नियंत्रण में चेन्नई में एक श्री राम मंदिर के पुजारियों और कर्मचारियों को श्दमनश का सामना करना पड़ा, जबकि पूरे देश ने अयोध्या में राम लला की श्प्राण प्रतिष्ठाश का जश्न मनाया। भाजपा द्वारा द्रमुक शासन द्वारा अभिषेक के



उपलक्ष्य में समारोहों और सार्वजनिक स्क्रीनिंग पर श्प्रतिबंधश लगाने का आरोप लगाने की पृष्ठभूमि में, राज्यपाल रवि ने चेन्नई के एक मंदिर में अपनी यात्रा को रेखांकित किया और भगवा पार्टी के आरोप का समर्थन किया। राज्यपाल ने एक्स पर कहा कि आज सुबह मैंने श्री कोडंडारामस्वामी मंदिर, पश्चिम माम्बलम, चेन्नई का दौरा किया और सभी की भलाई के लिए प्रभु श्री राम से प्रार्थना की। यह मंदिर मानव संसाधन और सीई विभाग (हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग) के अधीन है।

## राजस्थान नहीं थम रहा ठण्ड का कहर, सीकर जिले में न्यूनतम तापमान 1.6 डिग्री पंहुचा

एजेंसी।

नई दिल्ली राज्य के कई अन्य हिस्सों में शीत लहर की स्थिति बनी रही। मौसम विभाग के अनुसार बीते चौबीस घंटे में न्यूनतम तापमान करौली में 3.3 डिग्री, पिलानी में 3.6 डिग्री, भीलवाड़ा में चार डिग्री, अंता (बारां) में 4.4 डिग्री, सीकर में 4.5 डिग्री, गंगानगर में पांच डिग्री, चित्तौड़गढ़ और बीकानेर में 5.5 डिग्री दर्ज किया गया। जयपुर। राजस्थान के कुछ हिस्सों में कंपकंपा देने वाली सर्दी का दौर जारी है, जहां सीकर जिले के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 1.6 डिग्री सेल्सियस और अलवर में 2.8 डिग्री सेल्सिसयस रहा। राज्य के कई अन्य हिस्सों में शीत लहर की स्थिति बनी रही। मौसम विभाग के अनुसार बीते चौबीस घंटे में न्यूनतम तापमान करौली में 3.3 डिग्री, पिलानी में 3.6 डिग्री, भीलवाड़ा में चार डिग्री, अंता (बारां) में 4.4 डिग्री, सीकर में 4.5 डिग्री, गंगानगर में पांच डिग्री, चित्तौड़गढ़ और बीकानेर में 5.5 डिग्री दर्ज किया गया। विभाग के मुताबिक न्यूनतम तापमान संगरिया (हनुमानगढ़) में 5.6 डिग्री, जालौर में 5.8 डिग्री और डबोक (उदयपुर) में 5.9 डिग्री रहा।अन्य स्थानों पर रात का तापमान छह डिग्री से ऊपर रहा।

## बंद कमरे में अंगीठी जलाकर सो रहे बुजुर्ग दंपति समेत तीन की मौत

संवाददाता

कानपुर। पुलिस ने बताया कि सर्द रात में ठंड से बचने के लिए परिवार एक छोटे से कमरे में कोयले की अंगीठी जलाकर सो रहा था जिससे कक्ष में जहरीली गैस भर गई और तीन लोगों की मौत हो गई। कानपुर। कानपुर के बसंती नगर में कमरे में अंगीठी का धुआं भरने से एक बुजुर्ग दंपति और उनके 52 वर्षीय बेटे की सोमवार को कथित रूप से दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सर्द रात में ठंड से बचने के लिए परिवार एक छोटे से कमरे में कोयले की अंगीठी जलाकर सो रहा था जिससे कक्ष में जहरीली गैस भर गई और



तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, वहीं परिवार के सदस्य निमिषा शर्मा (24) और उनके भाई ध्रुव (18) को गंभीर हालत में लाला लाजपत राय (एलएलआर) अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान पूरन चंद शर्मा (80), उनकी पत्नी मिथिलेश शर्मा (78) और उनके बेटे नरेंद्र कुमार शर्मा (52) के रूप में की गई है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) रवींद्र कुमार ने कहा कि सोमवार सुबह एक दूधवाला दूध देने के लिए उनके घर पहुंचा और दरवाजे पर बार–बार दस्तक देने के बावजूद उसे अंदर से कोई जवाब नहीं मिला तो उसने पड़ोसियों को बुलाया। कुमार ने बताया कि पड़ोसियों ने कमरे का दरवाजा तोड़ा तो अंदर धुआं भरा हुआ था। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि कमरे में सभी पांच सदस्य बेहोश पड़े थे। एक अधिकारी ने कहा कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# मानसिक रूप से कमजोर युवती के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## – बंथरा की पुलिस तीन दिन से कर रही थी इसकी तलाश

## – गुटखा लाने के बहाने दुकान पर भेजा, वापस आने पर घर में बंद करके किया गलत काम

लखनऊ । राजधानी के थाना बंथरा में मानसिक रूप से कमजोर युवती के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने कटीबगिया तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ करने के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार राघव ने बताया कि 18 जनवरी को पीड़िता के पिता ने पुसिस को सूचना दी कि 17 जनवरी को अभियुक्त अजीत उर्फ जीतू पुत्र स्व. राम चंद्र निवासी भदोई द्वारा उनकी पुत्री उम्र करीब 20 वर्ष जो मानसिक रूप से कमजोर है, को गुटखा लाने के लिये दुकान पर भेजना तथा पीड़िता के वापस आने पर गुटखा लेने के बहाने अभियुक्त द्वारा पीड़िता को घर के अंदर जबरन बन्द करके उसके साथ बलात्कार करना व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र थाना बंथरा पर प्राप्त हुआ। जिसके आधार पर पुलिस ने अजीत उर्फ जीतू कहार के विरूद्ध पंजीकृत किया गया। अभियोग की विवेचना विनय कुमार द्विवेदी सहायक पुलिस आयुक्त कृष्णानगर द्वारा की जा रही है। सहायक पुलिस आयुक्त कृष्णानगर द्वारा वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए थाना बंथरा पुलिस को आदेशित व निर्देशित किया गया था। जिसके अनुपालन में कार्रवाई करते हुये रविवार को थाना बंथरा की गठित पुलिस टीम उ.नि. हरिश्चन्द्र यादव मय हमराह उ.नि. कृष्णपाल सिंह, का. मोहित कुमार व म.का. पुष्पा गुप्ता द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त अजीत उर्फ जीतू कहार पुत्र स्व. रामचन्द्र निवासी ग्राम भदोई थाना बंथरा उम्र करीब 40 वर्ष को कटीबगिया तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। अभियोग के विवेचक सहायक पुलिस आयुक्त कृष्णानगर द्वारा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए अभियुक्त अजीत उर्फ जीतू कहार उपरोक्त को न्यायिक अभिरक्षा रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

# लालबाग ठाकुरगंज में फर्नीचर हाउस में लगी भीषण आग

## दमकल की गाड़ियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

लखनऊ । राजधानी के लालबाग ठाकुरगंज थानाक्षेत्र में एक फर्नीचर हाउस में भीषण आग लग गई। आग की लपटे देखकर आसपास अफरातफरी मच गया। सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने काफी मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पा लिया। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। रविवार को लगभग 2रू30 बजे के करीब चौक फायर स्टेशन को यह सूचना प्राप्त हुई की लालबाग ठाकुरगंज में फर्नीचर हाउस में आग लगी हुई है। जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए मुख्य अग्निशमन अधिकारी के निदेर्शानुसार चौक फायर स्टेशन से एक फायर टेंडर तत्काल रवाना कर दिया गया। आग की गंभीरता को देखते हुए झूलेलाल ड्यूटी में तैनात एक अन्य फायर टेंडर और चौक फायर स्टेशन से वाटर ब्राउजर को घटनास्थल के लिए भी रवाना किया गया। इसके अतिरिक्त मुख्य अग्निशमन अधिकारी के निर्देश पर आलमबाग से एक गाड़ी आलमबाग प्रभारी के साथ और सरोजिनी नगर से भी एक गाड़ी तथा सरोजिनी नगर प्रभारी भी घटनास्थल के लिए रवाना हुए। घटनास्थल पर पहुंच कर देखा कि दो मंजिला निर्मित भवन के बोतल पर फर्नीचर हाउस था। जिसमें आग ने विकराल रूप ले रखा था तथा प्रथम तल पर आवास निर्मित था आग की लपटे आवास तक भी पहुंच गई थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल दो तरफ से बिल्डिंग का घेराव करते हुए घटनास्थल पर मौजूद प्रभारी आलमबाग और सरोजिनी नगर प्रभारी की सहायता से दो टीमों द्वारा अभिमान कार्य प्रारंभ किया गया। ऊपरी तल पर पहुंच बनाने के लिए लेडर के माध्यम से हमारी टीम के जवानों द्वारा ऊपर जाकर दरवाजे व खिड़कियां तोड़कर अंदर जाने का रास्ता बनाया गया और एक टीम ऊपर से और एक टीम नीचे से अग्निशमन कार्य करने लगी काफी कठिन परिश्रम के साथ लगभग डेढ़ से 2 घंटे में आग को पूर्ण रूप से काबू पा लिया। इस संपूर्ण कार्रवाई में फायर सर्विस की चार गाड़ियों ने कार्य किया और किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं होने दी। आग लगने का कारण भवन स्वामी द्वारा संभवतरू शॉर्ट सर्किट बताया गया है। आग अनिल कुमार पुत्र केवल कुमार के भवन में लगी थी।

# चिरनिद्रा में लीन हुए विश्व एकता के पुरोधा डा. जगदीश गाँधी

लखनऊ, 22 जनवरी। विश्व एकता एवं विश्व शान्ति के पुरोधा एवं भावी पीढ़ी के प्रणेता डा. जगदीश गाँधी आज 22 जनवरी को तड़के लगभग 12.30 चिर निद्रा में लीन हो गये। प्रख्यात शिक्षाविद् एवं समाजसेवी डा. जगदीश गाँधी ने 87 वर्ष की आयु में मेदांता हास्पिटल में अन्तिम साँस ली। डा. गाँधी का निधन न सिर्फ सी.एम.एस. परिवार के लिए अपितु सम्पूर्ण शिक्षाजगत व पूरे देश के लिए अपूर्णीय क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं हैं। डा. जगदीश गाँधी का पूरा जीवन विश्व के दो अरब से अधिक बच्चों के उज्जवल भविष्य को समर्पित रहा तथापि उद्देश्य हेतु विश्व एकता व विश्व शान्ति की स्थापना हेतु डा. गाँधी ने आजीवन अनवरत प्रयास किये एवं इस दिशा में अनेकों मील के पत्थर स्थापित किये। डा. गाँधी के निधन पर पूरे सी.एम.एस. परिवार में शोक की लहर छा गई तथापि चहुँओर से शोक संदेशों व संवेदनाओं का सिलसिला लगातार जारी है। इसी कड़ी में सी.एम.एस. प्रधान कार्यालय के प्रेयर हाल में आयोजित शोक सभा में सी.एम.एस. संस्थापिका–निदेशिका डा. भारती गाँधी, सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अपनी श्रद्धान्जलि अर्पित की एवं दिवंगत आत्मा की शान्ति की कामना की। इस अवसर पर सी.एम.एस. संस्थापिका–निदेशिका डा. भारती गाँधी ने कहा कि डा गाँधी प्रत्येक लखनऊवासी के दिलों में सदैव अजर अमर रहेंगे। पूरा सी.एम.एस. परिवार उनके दिखाये आदर्शों पर सतत् आगे बढ़ता रहेगा।

सी.एम.एस. के मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने बताया कि डा. जगदीश गाँधी का पार्थिव शरीर कल 23 जनवरी को अपरान्हः 1.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक सी.एम.एस. गोमती नगर द्वितीय कैम्पस में रखा जायेगा, जहाँ जनमानस उनके अन्तिम दर्शन कर अपनी श्रद्धान्जलि अर्पित कर सकेंगे। इसी कड़ी में आगामी 4 फरवरी, रविवार को अपरान्हः 3 बजे से डा. जगदीश गाँधी की स्मृति सभा में उनके व्यक्तिव व कृतित्व को याद किया जायेगा।



Former President of India, Bharat Ratan Dr. APJ Abdul Kalam at CMS Lucknow.



CMS Founders Receiving the UNESCO Peace Pirze for Peace Education in 2002




श्री शर्मा ने बताया कि डा. जगदीश गाँधी का जन्म 10 नवम्बर सन् 1936 को अलीगढ़ जिले की सिकन्दराराउ तहसील के ग्राम बरसौली में पटवारी श्री फूलचन्द अग्रवाल के घर में हुआ जिन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं विनोबा भावे की प्रेरणा से 'गाँधी' उपनाम रख लिया। कालान्तर में, डा. गाँधी इसी उपनाम से सारे विश्व में विख्यात हुए। डा. जगदीश गाँधी 1969 से 1974 तक उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य रहे। इसके अलावा, डा. गाँधी लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रसंध के अध्यक्ष भी रहे। डा. जगदीश गाँधी का सम्पूर्ण जीवन भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास के साथ ही सम्पूर्ण विश्व में एकता व शान्ति स्थापना को समर्पित रहा। इसी उद्देश्य हेतु सन् 1959 में पाँच बच्चों से प्रारम्भ सिटी मोन्टेसरी स्कूल आज लखनऊ में अपने 21 कैम्पसों के माध्यम से 61 हजार से अधिक छात्रों का सर्वांगीण विकास कर रहा है, जो कि विश्व में एक रिकार्ड है। वर्ष 2001 में सी.एम.एस. को विश्व के सबसे बड़े स्कूल के तौर पर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल किया गया था, यह रिकार्ड आज भी कायम है। 65 वर्ष पूर्व अपनी स्थापना के समय से ही सी.एम.एस. विश्व एकता व विश्व शान्ति का अलख जगा रहा है और इन्ही पुनीत प्रयासों हेतु सी.एम.एस. को विभिन्न पुरस्कारों से पुरष्कृत कर सम्मानित किया जा चुका है, जिनमें यूनेस्को द्वारा शांति शिक्षा पुरस्कार, डेरोजियो अवार्ड, वर्डलॉन एक्सीलेन्स अवार्ड, आइसलैण्ड, वर्ल्ड चिल्ड्रेन्स प्राइज फॉर द राइट्स ऑफ द चाइल्ड, स्वीडन, लाइफ लिंक कैम्पेन रिकगनीशन, स्वीडन, पीसफुल स्कूल्स इण्टरनेशनल रिकगनीशन, कनाडा, न्यूक्लियर फ्री फ्यूचर अवार्ड आदि प्रमुख हैं। विश्व एकता एवं विश्व शान्ति के प्रयासों के तहत डा. जगदीश गाँधी के संयोजकत्व में सी.एम.एस. द्वारा विगत 24 वर्षों से लगातार 'अन्तर्राष्ट्रीय मुख्य न्यायाधीश सम्मेलन' का आयोजन किया गया। इन अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में 141 देशों के 1480 से अधिक मुख्य न्यायाधीश, न्यायाधीश तथा राष्ट्राध्यक्ष प्रतिभाग कर चुके हैं जिन्होंने विश्व एकता, विश्व शान्ति व विश्व के ढाई अरब बच्चों के सुरक्षित भविष्य की मुहिम को भारी समर्थन दिया।

डा. जगदीश गाँधी अपने पीछे एक समृद्ध पारिवारिक विरासत भी छोड़ गये हैं, जिनमें उनकी पत्नी डा. भारती गाँधी, पुत्र श्री विनय गाँधी, पुत्रियां डा. सुनीता गाँधी, प्रो. गीता गाँधी किंगडन, प्रो. नीता गाँधी फारुही एवं नाती–पोते शामिल हैं।

डा. गाँधी ने जीवन पर्यन्त भावी पीढ़ी को भौतिक ज्ञान के साथ ही उनमें जीवन मूल्यों, चारित्रिक गुणों, आध्यात्मिक व नैतिक आदर्शों के विकास पर जोर दिया। उनका मानना था कि उद्देश्यपूर्ण शिक्षा ही भावी पीढ़ी का जीवन पर्यन्त मार्गदर्शन कर उन्हें 'समाज का प्रकाश' बनाती है। डा. गाँधी ने सामाजिक उत्थान, भावी पीढ़ी के खुशहाल भविष्य, विश्व एकता एवं विश्व शान्ति हेतु सारा जीवन संघर्ष किया। उनका जीवन दर्शन सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा।

# धर्म संसद रथ यात्रा का इस्कॉन मन्दिर से शुभारम्भ !

लखनऊ आज दिन रविवार को श्रीराम सनातन महोत्सव (धर्म संसद) जन जागरण यात्रा का इस्कॉन मन्दिर अध्यक्ष श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभुजी जी ने यात्रा मे आये भक्तों का स्वागत किया और श्रीमद भगवत गीता के प्रवचन में बताया की हम सब शरीर नहीं आत्मा है और भगवान के अंश है, अंश का कार्य अंशी की सेवा करना है और अंत मे प्रभुजी ने निवेदन किया कि षीता पढ़े, गीता पढ़ाएं, गीता सुने गीता सुनाएँष.श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभुजी ने भगवान को रथ पर स्थापित करके हरे कृष्ण महामंत्र के संकीर्तन




के साथ यात्रा का शुभारंभ किया सउक्त यात्रा के माध्यम से दिनांकरू 22 जनवरी को अयोध्या मे आयोजित श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा (रामोत्सव) एवं 24 से 28 जनवरी 2024 को लखनऊ में आयोजित धर्म संसद का जनमानस मे प्रचार–प्रसार किया गया स यात्रा इस्कॉन मन्दिर से प्रारम्भ होकर अयप्पा मन्दिर, गोमतीनगर हनुमान सेतु, मनकामेश्वर मन्दिर, कोनेश्वर मन्दिर, बुद्धेश्वर मन्दिर, आलमबाग गुरुद्वारा, संत निरंकारी भवन, आलमबाग एवं संत आसूदाराम धाम, आलमबाग सहित शहर के प्रसिद्ध मंदिरो एवं धर्मस्थलों मे भ्रमण करते हुए यात्रा समाप्त हुई स यात्रा मार्ग पर लखनऊ वासियों ने फूलों की वर्षा करते हुए जय श्रीराम के उदघोष के साथ स्वागत किया सयात्रा में आये सभी भक्तों ने एकादशी प्रसाद ग्रहण करके यात्रा प्रारम्भ की ।

# दुनिया के लिये गौरव का विषय है श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा - अनीस मंसूरी

लखनऊ, पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने अयोध्या धाम में श्री राम मंदिर निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का स्वागत किया है तथा प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी तथा देशवासियो को मुबारकबाद दी है।



अनीस मंसूरी ने कहा यह देश और दुनिया के लिये गौरव का विषय है, प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी को इस समारोह में सुप्रीमकोर्ट के निवर्तमान चीफ जस्टिस व राज्यसभा सांसद श्री रंजन गोगोई जी , अवकाश प्राप्त जस्टिस व राज्यपाल आंध्राप्रदेश महामहिम सैयद अब्दुल नजीर और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली सहित कार्यकारिणी के सभी सदस्यों, उत्तर प्रदेश सुन्नी सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन श्री जुफर अहमद फारूकी, बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी के जिम्मेदारों व जमीयत उलेमा हिन्द, मौलाना अरशद मदनी गुट, मौलाना महमूद मदनी गुट के पदाधिकारीयों को भी निमंत्रण भेज कर इस भव्य समारोह में बुला कर सम्मानित करना चाहिए क्योंकि इन सभी के प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष योगदान की वजह से ही आज भव्य राम मंदिर का निर्माण संभव हो सका है।

# हिण्डाल्को में पुष्प प्रदर्शनी सम्पन्न

रेणुकूट(सोनभद्र) हिण्डाल्को गार्डन विभाग के सौजन्य से संस्थान के प्रेक्षागृह में भव्य पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में हिण्डाल्को, रेणुकूट के साथ–साथ ग्रासिम इण्डस्ट्रीज, बिड़ला कार्बन एवं रेणुसागर पावर डिविजन के गार्डन विभागों ने भाग लिया। दो दिनों तक चले पुष्प प्रदर्शनी मे रंग–बिरंगे फूलों के साथ–साथ चारों संस्थानों के मालियों नेअपनी कल्पनाशीलता से प्राकृतिक वस्तुओं से बनाई गईविभिन्न माडल और मालाओं को भी प्रदर्शित किया। मालियों द्वारा बनाये गए विभिन्न पंक्षी व मगरमच्छ के माडल प्रदर्शनी के मुख्य आकर्षण रहे। तरंगिनी महिला मण्डल की अध्यक्षा लक्ष्मी नागेश एवं सीमा सिंह ने विधिवत फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। हिण्डाल्को परिवार के सदस्यों व स्थानीय लोगों ने परिवार के साथ भारी संख्या में पहुंच कर प्रदर्शनी का अवलोकन किया और सभी ने मुक्त कंठ से मालियों के कल्पनाशीलता की तारीफ की। प्रदर्शनी के अन्तर्गत चार वर्गों में मालियों के लिए प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसका मूल्यांकन विवेक कुमार, कर्नल (सेवनिव) रोहित शर्मा एवं श्रीमती मधुस्मिता साहू ने किया। मूल्यांकन के आधार पर सर्वाधिक प्रथम पुरस्कारों के साथ हिण्डाल्को, रेणुकूट की टीम को प्रथम, ग्रासिम इण्डस्ट्रीज को द्वितीय, रेणुसागर पावर डिविजन को तृतीय पुरस्कारों से सम्मानित किया। गया। विजेता टीमों को हिण्डाल्को के सी.ओ.ओ.एन. नागेश, क्लस्टर एच.आर. हेड जसबीर सिंह, डा. भास्कर दत्ता, विवेक कुमार, राजीव झुनझुनवाला, तापस मुखर्जी एवं राजेश तिवारीने पुरस्कृत किया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का संचालन गार्डन विभाग के एस.पी. सिंह ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में गार्डन विभाग के बिजेन्दर शर्मा, ज्ञानो दास सहित सभी मालियों का विशेष योगदान रहा।

# जन–जन के राम कण–कण में राम

सोनभद्र । भगवान राम का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत विधायक सदर भूपेश चौबे, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद, भजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता ने श्री रामजानकी मंदिर राबर्ट्सगंज में पहुंच कर विधिवत पूजन–अर्चन की और अयोध्या धाम से प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लाइव प्रसारण को देखा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) सहदेव कुमार मिश्र अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सदर विजय कुमार यादव, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित भारी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुगणों द्वारा लाइव प्रसारण के कार्यक्रम को देखा गया। भंडारण

# रामकथा, भंडारा और दीपोत्सव... जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा जानकीपुरम विस्तार सेक्टर 3

लखनऊ रूदिनांक 22 जनवरी 2024 को राष्ट्र अपने परम वैभव की ओर अग्रसर होते हुए भगवान श्री राम लला की विग्रह प्राण प्रतिष्ठा का रास्ट्रोत्सव अयोध्या में बड़े ही धूमधाम से मना रहा है। इसी क्रम में सेक्टर तीन जानकीपुरम विस्तार कल्याण समिति द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार इस पवित्र अवसर को पूरे भाव से सेक्टर तीन में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर अवसर पर सर्वप्रथम दिनांक 21 जनवरी 2024 को रामचरितमानस का सुंदर पाठ पंचमुखी हनुमान मंदिर एवं रक्तेश्वर मंदिर सेक्टर 3 में प्रारंभ होकर आज दिनाक 22 जनवरी को प्रातः काल 10रू00 बजे समाप्त होकर हवन के साथ समापन हुआ।

जिसके पश्चात अपने सेक्टर तीन क्षेत्र के बच्चे भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण जी के रूप में, बजरंगबली व जामवंत जी गले में सुंदर सी माला डालकर सेक्टर 3 के सड़कों पर विशाल काय शोभायात्रा सर्वप्रथम रक्तेश्वर मंदिर सेक्टर 3 से निकली , इस शोभायात्रा को सेक्टर 3 के निवासियों ने भगवान के रूप में बाल कलाकारों का पुष्प वर्षा कर, आरती कर एवं उनसे आशीर्वाद प्राप्त कर अपने राष्ट्र की संस्कृति के बारे में दर्शकों का भाव विभोर कर दिया इस शोभा यात्रा के निकलने से क्षेत्र के निवासियों के बच्चे भी भगवान के विस्तृत रूप को स्वयं भी देख व समझ सके, इसलिए सभी लोगो ने इस अवसर पर अपने–अपने घरों से भगवान के प्रेम में भजन कीर्तन गाकर, बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस शोभा यात्रा में भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण जी की व हनुमानजी, जामवंत जी, की परिपूर्ण वस्त्रा भूषण में क्षेत्र के बाल कलाकारों के साथ ही साथ गणमान्य व सामान्यजन महिलाओं एवं पुरुषों ने तथा बच्चों ने भी पीले, लाल वा श्वेत वस्त्रों में उपस्थित रहें।

यात्रा का स्वागत सभी भक्त जन अपने अपने दरवाजे पर निकल कर भगवान पर पुष्पवर्षा व आरती से धूम धाम से भी करते हुए सेक्टर 3 के सभी मंदिरों में दर्शन करते हुए आगे बढ़ते रहे। यात्रा में विभिन्न सेक्टर तीन में मन्दिर के पुजारी जी शंख, घण्टा, घड़ियाल व आरती प्रसाद के साथ मार्गदर्शन करते रहे शोभायात्रा ने सबसे अंत मे सेक्टर तीन के श्री पंचमुखी हनुमानजी मन्दिर में आकर विश्राम लिया। जिसके पश्चात सायंकाल पाच बजे से सेक्टर तीन के ही श्री पंचमुखी हनुमान जी मन्दिर में तहरी भोज का विशाल आयोजन किया गया। समस्त भक्त जनों ने भंडारे का भोग लेकर अपने अपने गंतव्य स्थान पर प्रस्थान किया। उपरोक्त कार्यक्रम में पुलिस कमिश्नरेट, जानकीपुरम पुलिस का अतुलनीय सहयोग एवं मार्गदर्शन रहा, जिस कारण तहरी भोज एवम शोभायात्रा व रामचरितमानस के पाठ का सुंदर आयोजन बहुत ही सुचारू रूप से हुआ इसी के साथ ही साथ सेक्टर 3 जानकीपुरम विस्तार की सम्मानित जनता का भी अतुलनीय सहयोग रहा, जिसमें सभी लोगों ने अपने बच्चों के साथ इस कार्यक्रम में बढ़कर हिस्सा लिया जिससे यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सका, और जनता ने इस कार्यक्रम को आगे भी इसी तरह मनाने का संकल्प लिया

# विधायक जयदेवी कौशल ने डेंजफाक्स मैन्स वियर एक्सक्लूसिव शोरूम का उद्घाटन किया

लखनऊ। राजस्थान में तेजी से उभरती हुई पुरुष परिधानों की जानी–मानी निर्माता कम्पनी डेंजफॉक्स मैन्स वियर के एक्सक्लूसिव शोरूम का उद्घाटन 60 फिट रोड, विद्या वाचनालय के पास जानकीपुरम में हुआ। पहला शोरूम तेलीबाग में खोलने के बाद डेंजफॉक्स मैन्स वियर का दूसरा शोरूम है। ब्रांड डायरेक्टर जीतेंद्र यादव ने बताया कि इस एक्सक्लूसिव शोरूम में पुरुष परिधानों की नार्मल, कैजुअल और फार्मल ड्रेसेज उपलब्ध रहती हैं। हर सीजन के परिधानों के साथ शर्ट, पैंट, टाउजर एक्सक्लूसिव फाइबर्स से तैयार किए जाते हैं जो पुरुषों की सुंदरता में चार चांद लगाते हैं। स्टोर के सभी परिधानों की स्टिचिंग इन हाउस होती है जो कपड़ों को लम्बी आयु प्रदान करती है। लखनऊ में और स्टोर्स खोलने की बात करते हुए कहा कि जल्द ही राजधानी सहित उत्तर प्रदेश में ऐसे 70 एक्सक्लूसिव शोरूम खोले जाएंगे और पैन इंडिया में 350 से ज्यादा स्टोर्स अगले वित्तीय वर्ष तक खोले जाएंगे। फ्रैंचाइजी प्रमुख ज्योति कृष्णा ने कहा कि ओपनिंग पर 70 प्रतिशत तक ऑफर्स उपलब्ध है। सीजनल पुरुष परिधानों के साथ वेंडिंग कलेक्शन भी मौजूद हैं और आने वाले समय में कुर्ता, पायजामा, बास्केट तथा शेरवानी, किड्स वियर, फीमेल वियर और फुट वियर की भी बड़ी रेंज उपलब्ध रहेगी।

## श्याम पार्क एक्सटेंशन और राजेंद्र नगर में उमड़ा रामभक्तों का जनसैलाब – पार्षद कविता प्रवीन भाटी

साहिबाबाद वार्ड 83 में रामलला की भव्य शोभायात्रा निकाली गई और हनुमान मंदिर में सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया. इस शोभा यात्रा का आयोजन साहिबाबाद व्यापार मंडल और भारत विकास परिषद द्वारा संयुक्त पार्षद कविता प्रवीन



भाटी के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान महिलाओं और बच्चों ने रथ पर सवार होकर फूल बरसाए. इस शोभायात्रा में हजारों की संख्या में राम भक्त शामिल हुए. शोभायात्रा के दौरान बच्चे भगवान राम और लक्ष्मण के स्वरूप में नजर आए. जानकारी के अनुसार, रामलला की यह शोभायात्रा श्याम पार्क एक्सटेंशन स्थित हनुमान मंदिर से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्ग से गुजरी, जिसमें बड़ी संख्या में रामभक्त शामिल हुए. बता दें कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम की भव्य प्राण प्रतिष्ठा होनी है. इसी को लेकर पूरा देश भगवान राम की भक्ति में डूब गया है.

इस दौरान राम भक्तों ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर खुशी का इजहार किया. इस शोभायात्रा में मुख्य रूप से श्री राम दरबार, कीर्तन मंडली व संगीतमय रथ आकर्षण का केंद्र रहा. शोभा यात्रा में शामिल राम भक्त सनातनी लोगों से 22 जनवरी को हर घर दीप जलाने और मंदिरों में पूजा पाठ करने का आग्रह कर रहे थे. व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रवीण भाटी ने कहा की पांच सौ वर्ष के बाद प्रभु श्री राम का अयोध्या में भव्य मंदिर बनाया गया और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही हैऔर यह समस्त संतानियो के लिए खुशी का समय है।

व्यापर मंडल और भारत विकास परिषद द्वारा जहां समस्त राम भक्तों को हलवे के प्रसाद का वितरण किया गया तो वहीं, शोभा यात्रा के स्वागत में आतिशबाजी की गई और समस्त व्यापारियों ने जगह जगह शोभा यात्रा के स्वागत में अपनी तरफ से आव भगत मे कोई भी कसर नही छोड़ी इस दौरान सम्पूर्ण वातावरण जय श्री राम के नारों और भजनों से गुंजायमान हो गया.

इस मौके पर महापौर सुनीता दयाल, विधायक सुनील शर्मा, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, महामंत्री पप्पू पहलवान, अशोक गुप्ता आटेवाले, कुलभूषण, विकास चुघ, भारत त्यागी, राजीव निझावन, राजीव भसीन, ब्रजेश जादौन, दिनेश गुप्ता, शोभा गुप्ता, हरीश गर्ग, दीपक गुप्ता, रोबिन बढाना, अंजू जैन, चौ.रामआसरे, मुकेश पंडित, मधुसूदन शर्मा, सी. एल.बरेजा, अनिरुद्ध अग्रवाल, अमित शर्मा, आर.के.अग्रवाल एवं सैकड़ों की संख्या में राम भक्त शामिल हुए

## प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के दृष्टिगत डीएम एवं एसएसपी झाँसी द्वारा पैदल गश्त

भारी पुलिस बल के साथ थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत गश्त कर आम नागरिकों को दिलाया सुरक्षा का भरोसा

झांसी! अयोध्या में प्राण–प्रतिष्ठा समारोह के दृष्टिगत जिलाधिकारी झाँसी एवं वरिष्ठ पुलिस अध ीक्षक झाँसी द्वारा अधीनस्थ अधि ाकारीध्कर्मचारी गण के साथ थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत पैदल गश्त की गयी ।इस दौरान थाना क्षेत्रांतर्गत पड़ने वाले भीड़–भाड़ वाले स्थानों, सर्राफा बाजार, मंदिरों एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर पैदल गश्त की गयी। विभिन्न मंदिरों की स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारीगण को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। दुकानदारों, व्यापारी बंधुओं सहित क्षेत्र के सामान्य नागिरकों से वार्ता की गयी एवं उन्हें संपूर्ण सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया ।पैदल गश्त के दौरान नगर आयुक्त झाँसी, पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली एवं थाना सीपरी बाजार सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।



## नई मूर्ति के सामने रखी जाएगी रामलला की पुरानी मूर्ति – गोविंद देव गिरि

### –राम मंदिर निर्माण में अब तक खर्च हुए 1,100 करोड़

अयोध्या। श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने कहा है कि अस्थायी मंदिर में रखी राम लला की पुरानी मूर्ति को नई मूर्ति के सामने रखा जाएगा, जिसे 22 जनवरी को यहां मंदिर में प्रतिष्ठित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि राम मंदिर के निर्माण में अब तक 1,100 करोड़ रुपये से अधिक खर्च हो चुके हैं तथा काम पूरा करने के लिए 300 करोड़ रुपये की और आवश्यकता हो सकती है, क्योंकि अभी निर्माण पूरा नहीं हुआ है। पिछले सप्ताह राम मंदिर के गर्भगृह में 51 इंच की रामलला की मूर्ति रखी गई थी। भगवान राम की तीन मूर्तियों का निर्माण किया गया था, जिनमें से मैसूर स्थित मूर्तिकार अरुण योगीराज द्वारा बनाई गई मूर्ति को ”प्राण प्रतिष्ठा” के लिए चुना गया है। यह पूछे जाने पर कि अन्य दो मूर्तियों का क्या होगा, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष ने कहा, ”हम उन्हें पूरे आदर और सम्मान के साथ मंदिर में रखेंगे। एक मूर्ति हमारे पास रखी जाएगी क्योंकि प्रभु श्री राम के वस्त्र और आभूषणों को मापने के लिए हमें इसकी आवश्यकता होगी।” राम लला की मूल मूर्ति के बारे में गिरि ने कहा, ”इसे राम लला के सामने रखा जाएगा। मूल मूर्ति बहुत महत्वपूर्ण है। इसकी ऊंचाई पांच से छह इंच है और इसे 25 से 30 फीट की दूरी से नहीं देखा जा सकता है। इसलिए हमें एक बड़ी मूर्ति की आवश्यकता थी।” गिरि ने कहा, ‘’ (मंदिर की) एक मंजिल पूरी हो चुकी है और हम एक और मंजिल बनाने जा रहे हैं।” अरुण योगीराज द्वारा बनाई गई राम लला की मूर्ति के चयन पर, गिरि ने कहा, ”हमारे लिए तीन में से एक मूर्ति चुनना बहुत मुश्किल था। वे सभी बहुत सुंदर हैं, सभी ने हमारे द्वारा प्रदान किए गए मानदंडों का पालन किया।” उन्होंने कहा, ”पहला मानदंड यह था कि चेहरा दिव्य चमक के साथ बच्चे जैसा होना चाहिए। भगवान राम ”अजानबाहु” थे (एक व्यक्ति जिसकी भुजाएं घुटनों तक पहुंचती हैं) इसलिए भुजाएं इतनी लंबी होनी चाहिए।” श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष ने कहा कि अंग सही अनुपात में थे।

उन्होंने कहा, ”बच्चे की नाजुक प्रकृति भी हमें दिखाई दे रही थी, जबकि आभूषण भी बहुत अच्छे और नाजुक ढंग से उकेरे गए थे। इससे मूर्ति की सुंदरता बढ़ गई।” यह पूछे जाने पर कि ट्रस्ट के सदस्यों को तीन मूर्तियों में से सर्वश्रेष्ठ का चयन करने में कितना समय लगा, गिरि ने कहा, ”मैं हर महीने अयोध्या जाता था और उन स्थानों का दौरा करता था जहां मूर्तियों की नक्काशी की जा रही थी। उन स्थानों को जनता के लिए वर्जित कर दिया गया था। मूर्तियों को बनाने में चार से पांच महीने लगे। उनके पूरा होने के बाद, हमने एक दिन के लिए मूर्तियों को देखा और निर्णय लिया।” उन्होंने कहा कि 500 वर्षों के बाद, भारत में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है और ”हम इसे दीपावली के रूप में देखते हैं।” गिरि ने कहा , ”हम हर साल दिवाली मनाते हैं, लेकिन यह ऐतिहासिक है। इतने संघर्ष के बाद भगवान राम को प्रेम और सम्मान के साथ उनके मूल स्थान पर विराजमान किया जाएगा। यही भावना देश में व्याप्त है।” गिरि ने कहा कि देश के युवाओं का झुकाव आध्यात्म की ओर हो रहा है। उन्होंने कहा, ”वे बुद्धिजीवी हैं। वे तार्किक रूप से सोचते हैं और उन्हें वैज्ञानिक प्रमाण की आवश्यकता है। फिर भी वे आध्यात्मिक और राष्ट्रवादी भावनाओं में डूबे हुए हैं।” उन्होंने सनातन धर्म पर भद्दी टिप्पणी करने वालों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि लोगों को समझना चाहिए कि धर्म का मतलब क्या है। उन्होंने कहा, ‘’... धर्म अंतर्निहित कानून है जो प्रकृति और आस्था को नियंत्रित करता है। आप विज्ञान में विश्वास करें या न करें लेकिन वैज्ञानिक सिद्धांत मौजूद हैं। उसी तरह, ध ार्म के सिद्धांत शाश्वत हैं। जो लोग उन्हें समझते हैं और उनका पालन करते हैं उन्हें लाभ होता है जबकि जो लोग उन्हें अनदेखा करते हैं उन्हें कोई लाभ नहीं मिलता है।

## संस्कार सेना का बम्बई में सफल राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ सम्पन्न

### मुंबई संवाददाता

### विश्व प्रसिद्ध टीवी सीरियल रामायण के मामा मारीच ओ माय गॉड फिल्म की राधे मां मशहूर सिंगर एक्टर फिल्म अभिनेता दिलीप सेन तेज सप्रू सहित मुंबई सीएसपी रहे आकर्षण के केन्द्र

माता–पिता के सम्मान में समर्पण संस्कार सेना का द्वितीय राष्ट्रीय अधिवेशन अंधेरी मुंबई मेयर हाल में रखा गया जिसमें संस्कार सेना के संरक्षक अंतर्राष्ट्रीय आयुर्वेद आचार्य डॉक्टर प्रकाश इंडियन टाटा हजारों फिल्मों में एक से बढ़कर एक भूमिका निभाने वाली सुप्रसिद्ध अभिनेत्री पूनम झावर सर्वाधिक लोकप्रिय टीवी सीरियल रामायण में मामा मारीच की भूमिका निभाने वाले रमेश गोयल हजारों फिल्मों में अभिनय करने वाले सुप्रसिद्ध अभिनेता तेज सप्रू एवं फिल्म जगत में अपनी अलग पहचान रखने वाले सिंगर एक्टर दिलीप सेन मुंबई के सीएसपी संदीप पाटिल वरिष्ठ समाजसेवी धर्मचंद जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए सर्वप्रथम फिल्म अभिनेत्री पूनम झावर ने श्रवण कुमार एवं भगवान श्री गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तत्पश्चात

संस्कार सेना की अपनी परंपरा अनुसार बुजुर्गों को मुख्य अतिथि के रूप में माता–पिता समान मानते हुए संस्थापक हरभजन जांगड़े सहित अन्य पदाधिकारी द्वारा माता–पिता पूजन कर आशीर्वाद लिया

श्रवण कुमार के प्रतीक चिन्ह मेडल एवं पुष्प गुच्छ से अतिथियों का सम्मान किया माता–पिता के प्रति समर्पण भाव रखते हुए संस्था में कार्य करने वाले अंतर्राष्ट्रीय आयुर्वेद आचार्य डॉ प्रकाश इंडियन टाटा मुंबई वरिष्ठ समाज सेवी राकेश कुमार आचार्य राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष हनुमान सहाय सिरसी दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार गर्ग संरक्षक बीके कंचन राकेश कुमार जैफ समाजसेवी किशोरी लाल मीणा संस्कार सेना के युवा प्रकोष्ठ राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार मित्तल वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यतेंद्र श्रीवास्तव डॉ राजीव अग्रवाल समाज सेवी मध्य प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुनील कुमार श्रीवास्तव मुंबई से वरिष्ठ समाज से भी गणपत कोठारी प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भोपाल नगर निगम पार्षद विमलेश ठाकुर प्रदेश उपाध्यक्ष शंभू दयाल ट्रेलर रायसेन जिला अध्यक्ष बबलू पाल राजगढ़ जिला अध्यक्ष पवन शर्मा चाइल्ड टीवी कलाकार अर्णव टाटा को राष्ट्रीय रत्न श्रवण कुमार अवॉर्ड से फिल्म जगत की हस्तियों के शुभ हाथों सम्मानित किया

वही कार्यक्रम में विशेष सहयोग के लिए संस्था के राष्ट्रीय सचिव एवं के सी एफ फाउंडेशन के चौयरमेन फिल्म डायरेक्टर कृ ष्ण चौहान को विशेष सम्मान से सम्मानित किया तथा संस्था में नारी शक्ति के रूप में सर्वाधिक कार्य करने वाली राष्ट्रीय सचिव अलका धुर्वे राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रजनी मालवीय राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चंद्र कुमारी गुप्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रीतिभाल महाराष्ट्र महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष शोभा वर्मा कार्यकारी अध्यक्ष कविता हिंगणकर कॉलेज की डायरेक्टर डॉ अनुराग शर्मा मुंबई महाराष्ट्र प्रदेश सचिव विनीता गौतम को नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया वही प्रदेश महासचिव एवं दैनिक सूचना अभी तक के स्थानीय संपादक मयंक ठाकुर प्रधान संपादक सरोकार मंथन तिलक शाक्य रायसेन प्रदेश सचिव बबलू वर्मा सिरोही राजस्थान से सुरेश केलावत वरिष्ठ पत्रकार जसवंत साहू सिलवानी ममता अहिरवार जसवंत सिंह नसरुल्लागंज प्रवक्ता प्रकाश दुबे शांतिलाल परोलिया प्रभु दयाल जांगड़े गोपी लाल जांगड़े कल्लू भाई केसकर ममता अहिरवार सिलवानी ब्लॉक अध्यक्ष मोतीलाल साहू राधेश्याम परमार गुरूजी धर्मेंद्र गोस्वामी सुनील सेरिया सुरेंद्र मेहरा मुंबई से वरिष्ठ फोटोग्राफर दिनेश मगन भाई मलखान सिंह ठाकुर उपेंद्र गौतम थान सिंह मालवीय संस्कार सेना की 51 आदिवासीय भारत यात्रा में पतंजलि का विशेष सहयोग रहने पर मुंबई पतंजलि की टीम के वरिष्ठ प्रभारी सुरेश यादव दिलीप गाटे सहित उपस्थित पूरी पतंजलि टीम का संस्था की ओर से विशेष सम्मान किया

इस मौके पर पहुंचे सभी अतिथियों ने संस्कार सेना द्वारा माता–पिता के प्रति युवा पीढ़ी को जागरूक करने के अभियान की सभी ने सराहना की मंच का सफल संचालन संजय अमन द्वारा किया गया।

संस्थापक हरभजन जांगड़े ने बताया कि संस्कार सेना का एक सूत्रीय उद्देश्य माता–पिता के प्रति युवा पीढ़ी को जागरूक करना है जिसे पूरा करने के लिए हमारे संरक्षक मुंबई से सैकड़ो कंपनी के पी आर कंसलटेंट राकेश कुमार आचार्य ने कहा है कि भारत के प्रत्येक जिले में संस्कार सेना का एक प्रेरणास्थल के रूप में भवन का निर्माण कर इस संदेश को जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण अंचल तक पहुंचाने की तैयारी करें फंड की व्यवस्था सीएसआर फंड से में कराऊंगा सही दिशा में काम करने की जरूरत है और संस्कार सेना देश पहली संस्था है जो ऐसा काम कर रही है। हम भारत में काम कर रहे हैं वहीं हमारे दूसरे संरक्षक अंतरराष्ट्रीय आयुर्वेद आचार्य डॉक्टर प्रकाश इंडियन टाटा गुरुजी विश्व के सैकड़ो देश में इस विचार को पहुंच चुके हैं उन्होंने भी तन मन धन से समर्पित होकर संस्था को आगे बढ़ाने के लिए आश्वासन दिया

अवसर पर मुंबई से वरिष्ठ लेखक डॉ दिनेश गुप्ता के द्वारा अपरिचित राम नामक एक पुस्तिका का भी विमोचन किया



धरा लहरा उठी, अम्बर सितारे जगमगाये हैं।
अयोध्या में दुबारा फिर, हमारे राम आये हैं।।

नया भारत, नई उम्मीद का प्रारंभ है देखो।
दुराचारी, कुशासन का उतरता दंभ है देखो।।
मुगल भागे, गये अंग्रेज भी, अब छोड़कर भारत।
अखंडित फिर बनेगा एक दिन सब जोड़कर भारत।।

सनातन लौ लगा कर, धर्म के दीपक जलाये हैं।।
अयोध्या में दुबारा फिर, हमारे राम आये हैं।।

तपोवन संत साधक भी दिखेंगे, दिव्य वसुधा पर।
तपस्वी शासकों को ही मिलेगा, मान सत्ता पर।।
दमन होगा दुशासन, द्वेष, दुष्कर्मों, दशानन का।
दिखेगा आगमन निर्दोष, निर्मल, निष्कपट मन का।।

अवध सरयू सजाई है, सड़क आँगन सजाये हैं।
अयोध्या में दुबारा फिर, हमारे राम आये हैं।।

हरेंगे राम आकर के सभी संताप धरती से।
मिटेंगे सब जनों के सब पुराने पाप धरती से।
लगे बरसों, गँवाया वक्त, रघुनन्दन बुलाने में।
लगेंगे अब नहीं दिन, माथ पर चंदन लगाने में।

नमन में हम सभी बस, एक टक पलकें बिछाये हैं।
अयोध्या में दुबारा फिर, हमारे राम आये हैं।।

## प्राण प्रतिष्ठा के लिए तैयार नव्य भव्य राम मंदिर

अयोध्या। भक्ति भाव से विभोर अयोध्या धाम में सोमवार को श्री राम जन्मभूमि पर होने वाली प्राण प्रतिष्ठा समारोह की शुरुआत मंगल ध्वनि से होगी। 50 से अधिक मनोरम वाद्ययंत्र, विभिन्न राज्यों से लगभग 2 घंटे तक इस शुभ घटना के साक्षी बनेंगे। यह भव्य संगीत कार्यक्रम हर भारतीय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर का प्रतीक होगी, जो प्रभु श्री राम के सम्मान में विविध परंपराओं को एकजुट करने का कार्य करेगी। इस मांगलिक संगीत कार्यक्रम के परिकल्पनाकार और संयोजक यतीन्द्र मिश्र हैं, जो प्रख्यात लेखक, अयोध्या संस्कृति के जानकार और कलाविद् है। इस कार्य में उनका सहयोग केंद्रीय संगीत नाटक अकादेमी, नई दिल्ली ने किया है। श्रीरामजन्मभूमि प्राण–प्रतिष्ठा समारोह के पुनीत और ऐतिहासिक अवसर पर प्रातः 10 बजे से प्राण– प्रतिष्ठा मुहूर्त के ठीक पहले तक, लगभग 2 घण्टे के लिए श्रीरामजन्मभूमि मन्दिर में शुभ की प्रतिष्ठा के लिए 'मंगल ध्वनि का आयोजन किया जाएगा। श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि हमारी भारतीय संस्कृति की परम्परा में किसी भी शुभ कार्य, अनुष्ठान, पर्व के अवसर पर देवता के सम्मुख आनन्द और मंगल के लिए पारम्परिक ढंग से मंगल– ध्वनि का विधान रचा गया है। इसी सन्दर्भ में प्रभु श्रीराम की प्राण–प्रतिष्ठा का यह श्रीअवसर, प्रत्येक भारतवासी के लिए शताब्दियों में होने वाला ऐसा गौरव का क्षण है, जब हम सम्पूर्ण भारत के विभिन्न अंचलों और राज्यों से वहां के पारम्परिक वाद्यों का वादन यहां श्रीरामलला के सम्मुख करने जा रहे हैं। विभिन्न राज्यों के पच्चीस प्रमुख और दुर्लभ वाद्य यन्त्रों के मंगल वादन से अयोध्या में ये प्रतिष्ठा महोत्सव सम्पन्न होगा। इसे उन वादों के दक्ष कलाकार प्रस्तुत करेंगे। भारतीय परंपरा के वादन में जितने प्रकार के वाद्ययंत्र हैं, सभी का मंदिर प्रांगण में वादन होगा। इनमें उत्तर प्रदेश का पखावज, बांसुरी, ढोलक, कर्नाटक का वीणा, महाराष्ट्र का सुंदरी, पंजाब का अलगोजा, ओडिशा का मर्दल, मध्यप्रदेश का संतूर, मणिपुर का पुंग, असम का नगाड़ा और काली, छत्तीसगढ़ का तंबूरा, बिहार का पखावज, दिल्ली की शहनाई, राजस्थान का रावणहत्था, बंगाल का श्रीखोल, सरोद, आंध्र का घटम, झारखंड का सितार, गुजरात का संतार, तमिलनाडु का नागस्वरम,तविल, मृदंग और उत्तराखंड का हुड़का, ऐसे वाद्ययंत्रों का वादन करने वाले अच्छे से अच्छे वादकों का चयन किया गया है। ये वादन ऐसे समय में चलेगा जब प्राण प्रतिष्ठा का मंत्रोच्चार और देश के नेतृत्व का उद्बोधन नहीं हो रहा होगा। महत्वपूर्ण की बात ये है कि ऐसे श्रेष्ठ लोग यहां स्वयं प्रेरणा से आ रहे हैं।

## तीर्थयात्रियों व स्थानीय नागरिकों के आवागमन को मिली सुविधा

अयोध्या। भारत में इलैक्ट्रिक बसों (ईबसों) के अग्रणी निर्माता पीएमआई इलैक्ट्रो मोबिलटी की 200 ई–बसों ने अयोध्या नगरी में संचालन शुरू कर दिया जिससे राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के सिलसिले में यहां आने वाले गणमान्य जनों, तीर्थयात्रियों तथा स्थानीय नागरिकों को आवागमन में काफी सुविधा हो गई है। सीएम योगी ने 14 जनवरी, 2024 को अयोध्याधाम बस स्टैंड से 50 ई–बसों को झंडी दिखाकर रवाना किया। इनके अलावा अन्य 153 ई–बसों को मिलाकर, कुल–मिलाकर 203 ई–बसें अयोध्या में चल रही हैं। ये बसें जीरो–कार्बन पब्लिक मोबिलटी पहल के तहत चलायी गई हैं और इस पावन नगरी को वायु प्रदूषण से मुक्त रखेंगी। इस अवसर पर, डॉ आंचल जैन, मुख्य कार्यकारी अधि ाकारी, पीएमआई इलैक्ट्रो मोबिलिटी सॉल्यूशंस प्रा लिमि ने कहा, ”अयोध्या की पावन नगरी में हमारी 203 ई–बसों के संचालन के जरिए हमारा मकसद यहां आने वाले तीर्थयात्रियों तथा स्थानीय नागरिकों के लिए सुविधाजनक और सुरक्षित यातायात सुनिश्चत करना है। हम राज्य प्रशासन द्वारा अयोध्या नगरी में ई–बसों के संचालन का यह दायित्व सौंपे जाने पर बेहद सम्मानित महसूस कर रहे हैं, और यह श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले हमारे लिए इस ऐतिहासिक अवसर से जुड़ने का अवसर है। 22 जनवरी के दिन जब सकारात्मक ऊर्जा और मंत्रोच्चारण से पूरा वातावरण उल्लासमय होगा, हमारी ई–बसें भी देश के लाखों लोगों की भावनाओं के साथ जुड़कर शहर की वायु को स्वच्छ और अयोध्या की पवित्रता बनाए रखते हुए इस पावन नगरी में ग्रीन ट्रांसपोर्ट मिशन को साकार कर रही होंगी। एक अनुमान के मुताबिक, मार्च तक करीब 30 लाख तीर्थयात्री और अन्य नागरिक इन ई–बसों की सेवाएं लेंगे। उत्तर प्रदेश में पीएमआई इलैक्ट्रो मोबिलिटी की 700 ई–बसें तैनात हैं जिनसे 11036 टन कार्बन फुटप्रिंट में कटौती के अलावा 1,62,06,750 लीटर की डीजल की बचत में भी मदद मिलेगी।

## एयरटेल ने अयोध्या में नेटवर्क कनेक्टिविटी बढ़ाई

अयोध्या। 22 जनवरी को राम मंदिर के अभिषेक का जश्न मनाने की तैयारी कर रही है, एयरटेल ने हवाई अड्डे, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, प्रमुख ऐतिहासिक क्षेत्रों, होटलों और शहर के अन्य सभी महत्वपूर्ण स्थानों सहित सभी महत्वपूर्ण स्थानों को कवर करने के लिए अपने नेटवर्क को बढ़ाया है। कंपनी ने पूरे शहर को निर्बाध ा आवाज और डेटा सेवाओं से कवर करने के लिए अतिरिक्त नेटवर्क साइटें तैनात की हैं, काऊ ऑन व्हीलस लगाए हैं और ऑप्टिक फाइबर केबल बिछाई है। मंदिर और इसके आसपास के क्षेत्रों को कवर करने के लिए कुछ अतिरिक्त साइटें और बीटीएस भी स्थापित किए गए हैं। एयरटेल के नेटवर्क इंजीनियरों ने मुख्य साइट, लॉकर रूम और राजावर पार्क साइट को हाई–स्पीड डेटा कनेक्टिविटी के साथ कवर करने के लिए चौबीसों घंटे काम किया है। शहर में हाई स्पीड डेटा की आवश्यकता वाले क्षेत्रों को कवर करने के लिए फाइबर भी बिछाया गया है, जिससे आगंतुकों के लिए एक उन्नत उपयोगकर्ता अनुभव सुनिश्चित हो सके। एयरटेल ने इसके अलावा अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, एयरपोर्ट, कटरा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, रामप्रस्थ पार्क, राम भद्र, ब्रह्मकुंड, गुप्तार घाट, परिक्रमा मार्ग, हाईवे पर ब्ॅ (सेल ऑन व्हील्स) तैनात किया है। कंपनी ने अयोध्या में उपयोगकर्ताओं को निर्बाध सेवा सुनिश्चित करने के लिए नेटवर्क इंजीनियरों सहित अतिरिक्त जनशक्ति की भी नियुक्ति की है।

## रौनाही टोल प्लाजा पर सघन चेकिंग

रौनाही टोल प्लाजा पर सघन चेकिंग के बाद ही जाने की अनुमति सोहावल–अयोध्या। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर सील की गई अयोध्या में पहुंचने के लिए लखनऊ अयोध्या हाइवे टोल प्लाजा रौनाही तहसीनपुर से गुजरने वाले वाहनों और राम भक्तो को रविवार की सुबह से ही कड़ी निगरानी से गुजरना पड़ा। केवल उन्हीं वाहनों को फर्राटा भरने की इजाजत मिली। जिनके पास प्रवेश का बार कोड पास था। कई बाहर से आने वाले बिना पास वाले वाहनों को वापस लौटना पड़ा। स्थानीय दो पहिया वाहन चालकों को अपना आधार दिखाने के बाद ही जाने की अनुमति मिली। पैदल, वाहनों से आने जाने वाले राम भक्तो की पड़ताल और परिचय पत्र देख आगे जाने की परमीशन दिया जाता रहा। टोल से आगे बढ़ने वाले वाहनों को रौनाही थाने के सामने भी अपनी चेकिंग करानी पड़ी। टोल प्रबंधक एस एस सिकरवार ने बताया शासन से मिले निर्देशों के तहद भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में वाहनों और राम भक्तो को आने जाने की अनुमति दी जा रही है।

# संपादकीय

## विपक्ष की सभी पार्टियों के नेताओं पर तलवार

लोकसभा चुनाव से पहले केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई तेज हो गई। विपक्ष की सभी पार्टियों के नेताओं पर तलवार लटकी है। विपक्ष की कोई पार्टी नहीं बची है, जिसके नेता या नेताओं के परिजनों को समन नहीं जा रहा है या पूछताछ नहीं हो रही है या उसके यहां छापा नहीं पड़ रहा है। छोटे से लेकर बड़े नेता तक केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई में उलझे हैं। चुनाव की घोषणा एक–डेढ़ महीने में होने वाली है और उससे पहले सभी पार्टियों के नेता कानूनी कार्रवाई में लगे हैं। कांग्रेस के लिए बड़े महत्व का काम करने वाले हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंदर सिंह हुड्डा से ईडी ने जमीन से जुड़े एक मामले में पूछताछ की है। राजस्थान में कांग्रेस के बड़े नेता और पिछली सरकार में मंत्री रहे महेश जोशी के यहां जल जीवन मिशन में कथित घोटाले को लेकर ईडी ने छापा मारा है। इसी तरह पंजाब में कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे साधु सिंह धर्मसोत को एक कथित घोटाले में ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। छत्तीसगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का नाम महादेव बेटिंग ऐप घोटाले में शामिल कर दिया गया है।

कांग्रेस के अलावा आम आदमी पार्टी पर भी शिकंजा कसा है। उसके दो बड़े नेता– मनीष सिसोदिया और संजय सिंह जेल में बंद हैं। शराब नीति में हुए कथित घोटाले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चार समन मिल चुके हैं। केजरीवाल चौथे समन पर भी हाजिर नहीं हुए हैं। अब उनको पांचवां समन जारी होगा। उधर झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से 20 जनवरी को ईडी की पूछताछ होनी है। उनको आठ समन भेजे गए थे तब जाकर पूछताछ का समय तय हुआ है। महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे के करीबी रहे एक व्यक्ति को कोरोना के समय हुए कथित खिचड़ी घोटाले में गिरफ्तार कर लिया गया है। के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता को भी दिल्ली की शराब नीति में हुए कथित घोटाले में समन जारी हुआ था। बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पिछले समन पर ईडी के सामने हाजिर नहीं हुए थे। उनको फिर कभी भी समन जारी हो सकता है। जमीन के बदले रेलवे में नौकरी के मामले में लालू प्रसाद के परिवार के पांच सदस्य आरोपी बनाए जा चुके है। उधर पश्चिम बंगाल में भी हर हफ्ते छापे पड़ रहे हैं।

## दो लाख रुपए देने का नीतीश का चुनावी जुमला

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य में हुए आर्थिक, सामाजिक सर्वे के आंकड़े पेश करते हुए पिछले साल के आखिर में बिहार की भयंकर गरीबी की सचाई जाहिर की थी। उस समय उन्होंने बताया था कि राज्य में 94 लाख परिवार ऐसे हैं, जिनकी मासिक आय छह हजार रुपए से कम है। ऐसे परिवार को नीतीश कुमार ने दो दो लाख रुपए देने का ऐलान किया था। अब उनकी सरकार ने इसका फैसला कर लिया है और अगले महीने से गरीब परिवारों को दो दो लाख रुपए दिए जाएंगे। सरकार ने बताया है कि लघु या कुटीर उद्योग के लिए यह पैसा दिया जाएगा और सरकार इसे वापस नहीं लेगी। यानी यह कर्ज नहीं है, बल्कि छोटा मोटा कारोबार शुरू करने के लिए अनुदान है। ध्यान रहे जिस समय नीतीश कुमार ने इसका ऐलान किया उससे थोड़े दिन पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम विश्वकर्मा योजना की घोषणा की थी, जिसक लिए कारीगर जातियों को छोटी छोटी मदद दी जाएगी ताकि वे अपना कोई काम धंधा शुरू कर सकें। नीतीश की योजना उसी का जवाब है।

लेकिन भारत सरकार की योजना जहां 14 हजार करोड़ रुपए की है वहीं नीतीश कुमार की योजना दो लाख करोड़ रुपए की है। अब सवाल है कि करीब एक करोड़ परिवारों को दो दो लाख करोड़ रुपए देने के लिए बिहार सरकार के पास पैसा कहां से आएगा? बिहार सरकार का बजट दो लाख 62 हजार करोड़ रुपए का है। अगर पांच साल में दो लाख करोड़ रुपए बांटने हैं तो हर साल 40 हजार करोड़ रुपए इसमें से कहां से निकलेगा? क्या सरकार कर्ज लेगी? बिहार का कर्ज पहले से जीडीपी के 38 फीसदी तक पहुंच गया है और बजट का बड़ा हिस्सा कर्ज का ब्याज चुकाने में जा रहा है। तभी सरकार का दो लाख रुपए बांटने की योजना चुनावी जुमला लग रही है, जिसमें थोड़े बहुत पैसे चुनाव तक बांटे जाएंगे। पहले चरण में फरवरी में पांच लाख परिवारों को 50–50 हजार रुपए दिए जाएंगे और अप्रैल में दूसरे चरण में 20 लाख परिवारों को 50–50 हजार रुपए दिए जाएंगे। अभी इतने भर के लिए फंड आवंटित होने की खबर है। गौरतलब है कि अप्रैल–मई में लोकसभा का चुनाव है। जिनको यह पैसा मिलेगा वे इसका दूसरा इस्तेमाल न करें और जिम्मेदारी के साथ वह काम करें, जिसके लिए उन्हें पैसा दिया जा रहा है, इसकी मॉनिटरिंग का कोई सिस्टम नहीं है।

## इजराइल–हमास लड़ाई में भी दोहरा मापदंड

जो पाकिस्तान पिछले 100 दिनों से अन्य कुछ इस्लामी देशों की भांति हमास–विरोधी इजराइली सैन्य अभियान में कई शनिर्दोष फिलीस्तीनियोंय के मारे जाने पर आंसू बहा रहा है, पर उसी देश के पूर्व तानाशाह जनरल जिया–उल–हक ने ही जॉर्डन के 10 दिवसीय श्ब्लैक सितंबरय में इजराइल के विरुद्ध संघर्ष कर रहे हजारों फिलीस्तीनियों के कत्लेआम में रणनीतिक भूमिका निभाई थी।..इस घटना के लिए जिया को फिघलिस्तीनियों का श्कसाईय कहकर संबोधित किया जाता है। इजराइल–हमास युद्ध को 100 दिन से अधिक हो गए है। यह युद्ध अभी तक हजारों को लील चुका है, तो गाजा–पट्टी का आधा हिस्सा इजराइली बमबारी से मलबे में तब्दील हो गया है। इजराइल और फिलीस्तीन के असंख्य नागरिक के खिलाफ हो रहा अत्याचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इस मानवीय त्रासदी के लिए कौन जिम्मेदार है? इजराइल या हमास (इस्लामी प्रतिरोध आंदोलन) रूपी फिलीस्तान समर्थित संगठन? इजराइल अपनी स्थापना (1948) से अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। जब भी उसपर मजहबी कारणों से आक्रमण होता है, तब वह प्रतिकार करते हुए कोई रियायत नहीं बरतता। परंतु हमास का युद्ध मजहबी उन्माद से प्रेरित है और काफिर–कुफ्र अवधारणा से प्रेरणा पाता है। हमास, दुनिया के कई देशों द्वारा घोषित आतंकवादी संगठन है। परंतु एक वैश्विक वर्ग, जोकि वाम–उदारवादियों और मुस्लिम कट्टरपंथियों का एक समूह हैकृ वह प्रत्यक्ष–परोक्ष रूप से इजराइल पर हमला करने वाले हमास के प्रति सहानुभूति रख रहा है। उनके लिए दुनिया का एकमात्र यहूदी राष्ट्रकृ इजराइल ही दोषी है।इसे पूर्वाग्रह की पराकाष्ठा कहेंगे कि इजराइल में जिस तरह दानवी कृत हमास के जिहादियों ने किया, जिसमें उन्होंने पालने में सोते ढेरों मासूम बच्चों की गला रेतकर हत्या तक कर दी या उन्हें जीवित जला दियाकृ उसके समर्थन में इस कुनबे द्वारा नैरेटिव बनाया जा रहा है कि हमास का हमला शफिलीस्तीन पर जबरन इजराइली कब्जेय का बदला है,।

# अस्मिता, स्वाभिमान और गौरव की पुनर्स्थापना का दिन

यह भी कम दुखद नहीं है कि उस निर्णय के बाद भी मंदिर निर्माण में अड़ंगे लगाने वाले विघ्नसंतोषी अपनी हरकतों से बाज नहीं आए। यहां तक कि प्राण–प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक आयोजन की पूरी तैयारियां हो जाने के बाद भी उसे विफल करवाने में एक वर्ग जी–जान से जुटा है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का स्वर्णिम और ऐतिहासिक अवसर सनातनधर्मियों को कड़े संघर्ष से हासिल हुआ है, जिसका 550 सालों से अधिक का इतिहास है। इसमें 70 से अधिक बार का संघर्ष, जिसमें से अधिकतर मुगल आक्रांताओं द्वारा भारतवासियों और हमारे मंदिरों पर हमले का रक्तरजित इतिहास शामिल है। अनगिनत आन्दोलनों के बाद अब अंततः 22 जनवरी 2024 के दिन हिन्दू समाज को अपने आराध्य प्रभु श्रीराम को जन्मभूमि पर निर्मित भव्य मन्दिर में पुर्नस्थापित करने का गौरव प्राप्त हो रहा है। यह दिन भारत की आस्था, अस्मिता, स्वाभिमान और गौरव की पुनर्स्थापना का दिवस है। राम राष्ट्र की संस्कृति है, राम राष्ट्र के प्राण है, राम के मंदिर का मतलब भारत का नवनिर्माण है। सोमनाथ मंदिर को अंतिम बार औरंगजेब ने यह कहकर तोड़वाया था कि, 'इस बार इसे पूरी तरह नेस्तानाबूद कर दो कि मंदिर का कहीं कोई निषान तक दिखाई न दे।' सोमनाथ पर मंस्जिद और कब्रिस्तान को सरदार पटेल ने इतिहास की विकृति का चिह्न और राष्ट्रीय अपमान बताकर कहा था कि, '' राष्ट्र के गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा के लिए सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण आवष्यक है।'' गांधी जी भी इससे सहमत थे। हिन्दू बहुल देश में प्रभु श्री राम की जन्मस्थली को मुक्त करवाने में जिस तरह के अवरोध उत्पन्न किए गए वे अकल्पनीय हैं। यदि सोमनाथ के साथ ही राम जन्मभूमि का मसला भी तत्कालीन नेहरू सरकार सुलझा लेती तब शायद इसे लेकर राजनीति करने का किसी को अवसर नहीं मिलता। स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने एक बार संसद में कहा था कि राम मंदिर का निर्माण राष्ट्रीय स्वाभिमान का मुद्दा है। उनका वह वक्तव्य सही मायने में एक संदेश था जिसमें राजनीति नहीं थी। सही बात तो ये है कि राम मंदिर का विरोध करने वालों ने ही इसे वोट बैंक की राजनीति का हिस्सा बना दिया। कांग्रेस और अन्य कुछ दल मुस्लिम मतों के कारण इस मुद्दे पर हिंदुओं के न्यायोचित दावों की अनदेखी करते रहे। प्रतिक्रिया स्वरूप इस मामले ने दूसरा मोड़ ले लिया। लेकिन दुर्भाग्य है कि देश की बहुसंख्यक आबादी के आराध्य श्रीराम की जन्मभूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करवाने का कार्य न्यायालय के निर्णय से संभव हो सका। और वह प्रक्रिया भी वर्षों नहीं दशकों तक चली। सबसे बड़ी बात ये हुई कि बाबरी ढांचे की तरफदारी मुस्लिम धर्मगुरुओं के साथ ही साथ धर्मनिरपेक्षता के झंडाबरदार बने हिन्दू नेतागण भी करते रहे। यह भी कम दुखद नहीं है कि उस निर्णय के बाद भी मंदिर निर्माण में अड़ंगे लगाने वाले विघ्नसंतोषी अपनी हरकतों से बाज नहीं आए। यहां तक कि प्राण–प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक आयोजन की पूरी तैयारियां हो जाने के बाद भी उसे विफल करवाने में एक वर्ग जी–जान से जुटा है। कुछ धर्माचार्य भी इस मुहिम में शामिल हो गए हैं। शाश्वत राष्ट्रीय अस्मिता को तात्कालिक और राजनीतिक हानि–लाभ की दृष्टि से देखा जा रहा है। वास्तव में, कपटी और विकृत सिद्धांतकारों की परेशानी सहज और स्वाभाविक है। कई दशकों की उनकी दुकान के उठ जाने की सबल संभावना कोई सामान्य घटना नहीं है। उनके शब्द चुक गए हैं। प्रयोग में लाये नये शब्दों की शब्द शक्ति समाप्त हो गई है। वे अपनी पुरानी और सतही अवधारणाओं के बंधुआ श्रमिक हैं। किसी नये शब्द संसार की सृष्टि कर पाना अब उनके लिए संभव नहीं है। इन सभी ने गांधीवाद को बेच खाया। इनका समाजवाद पिट गया। पूंजीवाद का संताप भोग रहे देशों की दुर्दशा सबके सामने है। उनके सामने समस्या है कि क्या कहें, क्या करें? नश्वर को अनश्वर और समय सापेक्षता को सनातनता मानकर की गई भूल का परिमार्जन करने का उनमें साहस भी नहीं है। यही कारण है राष्ट्रीय संताप को समाप्त करने का अभियान अयोध्या से प्रारंभ हुआ और राष्ट्रीय अस्मिता राम रथ पर सवार होकर सोमनाथ से अयोध्या की ओर चली तो इन छद्मवेशियों के मोहल्ले में कोहराम मच गया। जिस दल की वैचारिक धारा में देश के



सभी नागरिक समान रूप से शामिल नहीं होंगे, वह दल विकल्प नहीं बन सकता। वह देश का हित भी नहीं कर सकता। देश किसी छोटे–बड़े प्रतिशत का नहीं, उस शत प्रतिशत का होता है जो इसके प्रति पूर्ण प्रतिबद्ध, बिना शर्त और सहजभाव से समर्पित होते हैं। देश की आबादी के इस सहज समर्पण को ही राष्ट्रीयता की संज्ञा प्रदान की गई। देश की आबादी का हर वह अंश जो असहज हो, अपने विषय में अलग से सोचता हो, केवल अपने हित को ही राष्ट्रहित समझता हो, अराष्ट्रीय है। इस प्रवृत्ति को बढ़ावा देने और इसका पालन पोषण करने वाले सभी लोग अराष्ट्रीयता को बल प्रदान करने के अपराधी हैं। राष्ट्र का घायल स्वाभिमान, आहत मन, टूटा विश्वास, अपमानित इतिहास और कुंठित राष्ट्रीय अस्मिता के परिमार्जन का दैवीय अवसर उपस्थित है। परमात्मा द्वारा प्रेरित ईश्वरीय कार्य सम्पन्न करने का सौभाग्यशाली क्षण 22 जनवरी को वह मुहूर्त होगा जब श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होगी। अपने पूर्वजों की पराजय को विजय में बदलने और बलिदानों को मूल्य चुकाने के लिए इस राष्ट्रीय दायित्व का जो लोग निर्वाह करेंगे वे भविष्य में कलेजे का रक्त बनेंगे। वे इतिहास के प्राणवान पृष्ठ लिखेंगे राष्ट्रीय गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा की यह कथा इतिहास के पन्नों पर सोने का शब्द बनकर उभरेंगे और तभी वास्तविक स्वाधीन भारत राष्ट्र का पुनर्जन्म होगा। गांधी के रामराज्य का सूत्रपात नवनिर्मित राम मंदिर में श्रीरामलला की प्रथम आरती करेगी। इसमें कोई दो राय नहीं है कि, शताब्दियों का संघर्ष अब अयोध्या में प्रत्यक्ष साकार रूप में फलीभूत होता दर्शित हो रहा है। भारत के कण–कण में राम हैं। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा ने भारत की सुप्त आत्मा को जागृत करने का काम किया है। राम मंदिर के निर्माण से सशक्त राष्ट्र का निर्माण होने वाला है। राम मंदिर के निर्माण से भारत में रामराज्य आने वाला है। भारत की जय जयकार दुनिया में हो रही है। यह वास्तव में भारत की सुप्त आत्मा है। यही भारत को दुनिया के अंदर सर्वशक्तिशाली बनायेगी। भारत के प्रत्येक व्यक्ति के मन में जो रामभक्ति है वहीं राष्ट्रभक्ति है। राजनीति तोड़ने का कार्य करती है, धर्म जोड़ता है। राम मंदिर ने देश को जोड़ दिया है। राष्ट्रीय अस्मिता और अखण्डता भी अयोध्या से जुड़ी है। श्रीराम मंदिर केवल धार्मिक आस्था का प्रश्न नहीं है, इसके साथ देश का अर्थशास्त्र भी जुड़ा है। भावी सामाजिक संरचना की संकल्पना भी जुड़ी है। अयोध्या अब राजनीति का भावी स्वरूप निर्धारित करेगी। व्यक्ति और राष्ट्र का चरित्र निर्माण, कालसापेक्ष किन्तु कालातीत दर्शन और दृष्टि का सृजन बीज राम मंदिर निर्माण में निहित है। विश्व के कई देशों में रचने और बसने वाले हिन्दू धर्मावलंबी तो राम मंदिर में प्राण–प्रतिष्ठा को लेकर उत्साहित हैं ही ,अनेक ऐसे देश भी इसमें सहभागिता दे रहे हैं जो अन्य किसी धर्म का पालन करते हैं।

यह इस बात का प्रमाण है कि श्री राम की स्वीकार्यता पूरे विश्व में है। उस दृष्टि से 22 जनवरी की तिथि विश्व इतिहास में सदा के लिए अमर रहेगी। श्रीराम की जन्मभूमि पर उनका भव्य मंदिर दुनिया भर में फैले असंख्य सनातनियों की आस्था और आकांक्षा का अभिनव केंद्र बनेगा, इसमें किसी को संदेह नहीं है। राममंदिर किसी की आस्था पर आक्रमण नहीं, भारत की अस्मिता से जुड़े प्रश्नों का उत्तर है। राम मंदिर देश और अयोध्या में अनेक हैं, अनेक और मंदिर बनाए जा सकते हैं किंतु राम जन्मस्थान एक ही हो सकता है, अनेक नहीं। इस पवित्र राष्ट्रीय स्थान पर राष्ट्र की गरिमा के अनुरूप एक मंदिर बनना, राष्ट्रीय एकता और अखण्डता की गारन्टी ही नहीं, भारत की पहचान का प्रमाणपत्र भी है।

# नर से नारायण बनने की सीख देती है राम कथा

**डॉ.मनोज मिश्र**
**विभागाध्यक्ष**
**जनसंचार विभाग**
**वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर**

लोक चेतना के प्रत्येक पक्ष में प्रभु श्री राम का योगदान अविस्मरणीय है. श्री राम जी



का चरित्र और आदर्श, धर्म पालन, नैतिकता और मानवीय संबंधों के मार्गदर्शन में सदैव प्रेरणा प्रदान करता है. समाज और परिवार के प्रति उनके कर्तव्य ने सदा समाज को आंदोलित और प्रेरित किया है. श्रीराम का न्याय और नैतिकता में किए गए सुकृत्य लोक चेतना में आज भी स्थापित हैं. उनके गुणधर्म, साहस और परहित की भावना सदा अनुकरणीय है. वस्तुतः श्रीराम कथा नर से नारायण बनने की सीख देती है.

राम का जीवन सामाजिक समृद्धि, सद्गुण और सहानुभूति के मार्ग पर चलने के लिए एक प्रेरणा स्रोत है. उनके सार्थक जीवन ने विभिन्न क्षेत्रों में सहानुभूति और सेवाभाव के महत्त्व को बताया है. गोस्वामी जी ने सच कहा है कि

**रामहि केवल प्रेमु पिआरा। जानि लेउ जो जान निहारा**

श्री रामचन्द्रजी को केवल प्रेम प्यारा है, जो जानने वाला हो (जानना चाहता हो), वह जान ले. श्री राम जी का जीवन एक आदर्श समाज बनाने की कल्पना को साकार स्वरूप देने वाला है. राजा बनने के बाद वह न्याय और धर्म के प्रति अपने समर्पण के लिए जाने जाते हैं, जिसके बलबूते उन्होंने रामराज्य की स्थापना की.

श्री राम, राजाराम, आदर्श आज्ञाकारी पुत्र श्री राम, सर्वस्व त्याग कर अपने भाई को राज सौंपने वाले आदर्श भ्राता श्री राम, स्त्री के अपमान के बदला लेने के लिए प्राणों की बाजी लगाने वाले आदर्श पति श्री राम, प्रजा के प्रति एक आदर्श शासक श्री राम, वैदिक संस्कृति की सनातन परंपरा की रक्षा के लिए तथा गृहस्थाश्रम की पुनर्प्रतिष्ठा स्थापित करने वाले मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम, भारतीय वाङ्गमय के आदर्श पुरुष श्री राम जैसे असंख्य विशेषणों से विभूषित श्री राम करोड़ों–करोड़ लोंगो के हृदय में विराजमान हैं. समाज में जब नमस्कार तब राम– राम और जब तिरस्कार तो राम –राम. जन्मोत्सव हो या महाप्रयाण की बेला, सबका अंत राम से ही होता है. भारत के प्रत्येक संस्कार में या समझ में श्रीराम का उद्बोधन भारतीय संस्कृति की पहचान रही है. संयुक्त परिवार–वसुधैव कुटुम्बकम के पर्याय और आदर्श दोनों ही श्रीराम हैं. श्री राम कथा मानवीय सम्बन्धों को व्यापकता प्रदान करने में बेजोड़ रही है. यह एक ऐसे व्यक्तित्व की कथा है जिसने लोकहित को सदा सर्वोच्च प्राथमिकता दी है. गोस्वामी जी ने लिखा है...

मंगल करनि कलिमल हरनि तुलसी कथा रघुनाथ की।
गति कूर कबिता सरित की ज्यों सरित पावन पाथ कीध
प्रभु सुजस संगति भनिति भलि होइहि सुजन मन भावनी

**भव अंग भूति मसान की सुमिरत सुहावनि पावनी**

तुलसीदासजी कहते हैं कि श्री रघुनाथजी की कथा कल्याण करने वाली और कलियुग के पापों को हरने वाली है. मेरी इस भद्दी कविता रूपी नदी की चाल पवित्र जल वाली नदी (गंगाजी) की चाल की भांति टेढ़ी है. प्रभु श्री रघुनाथजी के सुंदर यश के संग से यह कविता सुंदर तथा सज्जनों के मन को भाने वाली हो जाएगी. श्मशान की अपवित्र राख भी श्री महादेवजी के अंग के संग से सुहावनी लगती है और स्मरण करते ही पवित्र करने वाली होती है. गोस्वामी जी ने ऐसा इसलिए लिखा कि मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम की कथा से हमें जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है.

श्रीराम संयुक्त परिवार को टूट से बचाने के लिए राजपाट का त्याग कर आततायियों और असामाजिक तत्वों के विनाश के लिए सदा संकल्पित रहे. लोकहित को सर्वोच्चता तथा भाई का मान रखने के लिए अंततः राजा बनना स्वीकार्य किया और ऐसे रामराज्य की स्थापना की जहां किसी को कोई कष्ट नही था. श्री राम और केवट संवाद सामाजिक समरसता का आदर्श है..

**कृपासिंधु बोले मुसुकाई। सोइ करु जेहिं तव नाव न जाई**

बेगि आनु जलपाय पखारू। होत बिलंबु उतारहि पारूध
जासु नाम सुमिरत एक बारा। उतरहिं नर भवसिंधु अपाराध

**सोइ कृपालु केवटहि निहोरा। जेहिं जगु किय तिहु पगहु ते थोरा**

कृपा के समुद्र श्री रामचन्द्रजी केवट से मुस्कुराकर बोले भाई! तू वही कर जिससे तेरी नाव न जाए. जल्दी पानी ला और पैर धो ले. देर हो रही है, पार उतार दे. एक बार जिनका नाम स्मरण करते ही मनुष्य अपार भवसागर के पार उतर जाते हैं और जिन्होंने (वामनावतार में) जगत को तीन पग से भी छोटा कर दिया था (दो ही पग में त्रिलोकी को नाप लिया था), वही कृपालु श्री रामचन्द्रजी (गंगाजी से पार उतारने के लिए) केवट का निहोरा कर रहे हैं.

यह उच्चतम आदर्श मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी जैसे व्यक्तित्व का ही हो सकता है कि रावण के साथ युद्ध के समय उसे धर्म और नीति का बोध कराते कहते हैं कि

जनि जल्पना करि सुजसु नासहि नीति सुनहि करहि छमा।
संसार महँ पूरुष त्रिबिध पाटल रसाल पनस समाध
एक सुमनप्रद एक सुमन फल एक फलइ केवल लागहीं।
एक कहहिं कहहिं करहिं अपर एक करहिं कहत न बागहींध

प्रभु श्रीराम रावण से कहते है कि व्यर्थ बकवास करके अपने सुंदर यश का नाश न करो. क्षमा करना, तुम्हें नीति सुनाता हूं, सुनो! संसार में तीन प्रकार के पुरुष होते हैं– पाटल (गुलाब), आम और कटहल के समान. एक (पाटल) फूल देते हैं, एक (आम) फूल और फल दोनों देते हैं एक (कटहल) में केवल फल ही लगते हैं. इसी प्रकार (पुरुषों में) एक कहते हैं (करते नहीं), दूसरे कहते और करते भी हैं और एक (तीसरे) केवल करते हैं, पर वाणी से कहते नहीं. गोस्वामी तुलसीदास जी ने एक भावपूर्ण प्रसंग पर अपनी लेखनी को भावों की चाशनी में डुबो कर सत्य ही लिखा है कि...

**सत्यसंध पालक श्रुति सेतू। राम जनमु जग मंगल हेतु**

गुर पितु मातु बचन अनुसारी।
खल दलु दलन देव हितकारी।।

प्रभु श्री राम सत्य प्रतिज्ञ हैं और वेद की मर्यादा के रक्षक हैं. श्रीरामजी का अवतार ही जगत के कल्याण के लिए हुआ है. वे गुरु, पिता और माता के वचनों के अनुसार चलने वाले हैं। दुष्टों के दल का नाश करने वाले और देवताओं के हितकारी हैं. आज जब लगभग 500 वर्षों बाद प्रभु श्री राम का पूर्ण विधि विधान से अयोध्या में पुनः आगमन हो रहा है तब यह श्सर्वे भवन्तु सुखिनःश् के उद्घोष के साथ रामराज्य की स्थापना करेगा जो न सिर्फ भरतवंशियों को अपितु सम्पूर्ण मानव समाज के लिए नई सुबह है.

(डॉ.मनोज मिश्र, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष हैं।)

# अवध के राजकुमार श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का पावन दिन

अवध के राजकुमार श्री राम की आज पुनरू प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। पुनरूइसलिए कि पहले भी यहाँ राम का मंदिर तो था ही। प्राण प्रतिष्ठा पहले भी कभी तो हुई ही होगी। राजकुमार इसलिए कि मंदिर में विराजने वाले राम राजा राम नहीं बल्कि पाँच साल के राम लला हैं।

वे राम लला भी साथ हैं जिन्हें रामलला विराजमान कहा जाता है। मुख्य मूर्ति नई है लेकिन जो रामलला विराजमान हैं वे छोटे हैं। 1992 से वे एक टेंट में बैठे थे। पूरे बत्तीस साल हो चुके। अब जाकर उन्हें मंदिर के गर्भ गृह में पहुंचाया गया है।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास ने भी इस मंदिर निर्माण के लिए लम्बा संघर्ष किया है। वे 22 जनवरी को भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान गर्भगृह में रहेंगे।

वे कहते हैं उनके लिए यह सुनहरा पल है। इससे विलक्षण बात कोई और हो ही नहीं सकती कि पाँच सौ साल बाद प्रभु राम का मंदिर फिर से बन रहा है और उसमें हमारे रामलला विराजमान हो रहे हैं।

जब उनसे पूछा गया कि कुछ लोगों का कहना है कि मंदिर अभी अधूरा है और यह प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान से नहीं हो रही है तो महंत जी कहते हैं भगवान का कोई काम अधूरा नहीं होता। अशुभ भी नहीं। सबकुछ विधि विधान से ही हो रहा है और आगे भी होगा।

क्या इस मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा का कोई चुनावी लाभ भी होगा, इस प्रश्न पर महंत जी कहते हैं जरूर। लाभ जरूर होगा। राम के काम जो भी आएगा, उसे लाभ होगा।

उधर, अयोध्या में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ जमा है। तिलभर भी जगह खघली नहीं है। ऐसे में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अयोध्या का दृश्य कैसा होगा, बखाना नहीं जा सकता। भगवान और उनके मंदिर की नयनाभिराम झांकी देखने को लोग आतुर हैं। आज दर्शन की अभिलाषा पूरी होने को है। सुबह भगवान को उठाया जाएगा। फिर

# दर्शन के लिए उत्सुक हूं... रामलला को देख क्यों भावुक हुआ इजरायल

भारत के इस्राइली राजदूत नाओर गिलोन ने सोशल मीडिया पर हिंदी में पोस्ट करते हुए कहा कि दुनिया भर के भक्तों के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। मैं अयोध्या में राममंदिर के जल्द दर्शन के लिए उत्सुक हूं। यकीनन वह मेरे पास मौजूद इस मॉडल से भी अधिक भव्य और सुंदर होगा। इजरायल के इस बयान के बाद भारत के लोगों ने जय श्री राम लिखा। आज राम लला अपने मंदिर में प्रगट हो गए हैं। अयोध्या मंदिर में राम लला की नई मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई, इस कार्यक्रम को लाखों लोगों ने अपने घरों और देश भर के मंदिरों में टेलीविजन पर देखा। पूरी दुनिया के हिंदू इस पल का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। विदेशों में भी राम मंदिर की धूम देखने को मिली। अमेरिका से लेकर फ्रांस तक राम मंदिर का जश्न देखने को मिला। इसी बीच भारत के दोस्त इजरायल का भी राम मंदिर को लेकर बयान सामने आया है। इजरायल राम मंदिर के मॉडल के सामने बैठा और भगवान श्री राम को याद किया। इजरायल ने कहा है कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठान के इस शुभ अवसर पर भारत के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं। भारत के इस्राइली राजदूत नाओर गिलोन ने सोशल मीडिया पर हिंदी में पोस्ट करते हुए कहा कि दुनिया भर के भक्तों के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। मैं अयोध्या में राममंदिर के जल्द दर्शन के लिए उत्सुक हूं। यकीनन वह मेरे पास मौजूद इस मॉडल से भी अधिक भव्य और सुंदर होगा। इजरायल के इस बयान के बाद भारत के लोगों ने जय श्री राम लिखा। भारतीय



लोगों ने कहा कि भगवान राम की कृपा इजरायल पर बनी रहे। बता दें कि इजरायल पर हमास का हमला हुआ और वहां के कई लोगों को बंधक भी बना लिया गया। आपको याद होगा कि दिवाली के मौके पर इजरायल ने कहा था कि जैसे श्री राम के घर लौटने पर दिवाली मनाई जाती है। उसी तरह उन लोगों के लिए भी दीया जलाया जाए जिन्हें हमास के आंतकियों से बंधक बना रखा है। हम भारत के लोगों से अपील करते हैं कि वो प्रार्थना करें कि इजरायल के बंधक भी अपने घर लौट आए। गौरतलब है कि भारत समेत विदेश में भी राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर खासा उत्साह है। पीएम मोदी ने अपने कई कार्यक्रमों में लोगों से आज के दिन रामज्योति दीपक जलाने का आह्वान किया था।

# नेल्सन मंडेला मे की निजी वस्तुओं की फरवरी में होगी नीलामी, समाधि पर स्मारक उद्यान बनाने की योजना


नीलामी की जाने वाली वस्तुओं में अल्पसंख्यक श्वेत सरकार के राजनीतिक कैदी के रूप में 27 वर्ष तक जेल की सजा काट कर रिहा होने के बाद मंडेला को दिया गया पहचान दस्तावेज भी शामिल है। नीलामी में वह 'मदीबा शर्ट' भी रखी जाएगी जो उन्होंने महारानी एलिजाबेथ से मुलाकात के दौरान पहनी थी। जोहानिस्बर्ग। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला की समाधि के आसपास स्मारक उद्यान बनाने के लिए उनकी लगभग 100 निजी वस्तुओं की फरवरी में नीलामी की जाएगी। नीलामी की जाने वाली वस्तुओं में अल्पसंख्यक श्वेत सरकार के राजनीतिक कैदी के रूप में 27 वर्ष तक जेल की सजा काट कर रिहा होने के बाद मंडेला को दिया गया पहचान दस्तावेज भी शामिल है। नीलामी में वह 'मदीबा शर्ट' भी रखी जाएगी जो उन्होंने महारानी एलिजाबेथ से मुलाकात के दौरान पहनी थी। एक कैदी से राष्ट्रपति बनने तक की अपनी अभूतपूर्व यात्रा के सबसे यादगार अवसर पर मंडेला ने जो थ्री पीस पिनस्ट्राइप सूट पहना था और उन्हें उपहार में मिली सोने और चांदी की कई वस्तुओं की नीलामी की जाएगी। न्यूयॉर्क स्थित कंपनी ग्वेर्नसे की द्वारा की जाने वाली यह नीलामी मंडेला की बेटी मकाजीवे द्वारा 2022 में हुई कानूनी लड़ाई जीतने के बाद संभव हो पाई। दक्षिण अफ्रीकी विरासत संसाधन एजेंसी (एसएएचआरए) ने 2022 की जनवरी में होने वाली नीलामी को रोकने की कोशिश की थी। एजेंसी ने अदालत में दलील दी थी कि जिन 29 वस्तुओं की नीलामी की जानी है, उनमें रोबेन आइलैंड में मंडेला की जेल कोठरी की असली चाबी भी शामिल है। उसने कहा कि यह राष्ट्रीय संपत्ति है और इसे उनकी बेटी निजी संपत्ति



बताकर नहीं बेच सकती। उसने कहा कि इसे सुरक्षित रखने के लिए इसे दक्षिण अफ्रीका को लौटाया जाना चाहिए। एजेंसी जिन वस्तुओं को विरासत सामान के रूप में अपने पास रखना चाहती थी उनमें मेंडला का पहचान दस्तावेज, उनके द्वारा जेल से अपने परिजनों एवं अन्य को लिखे गये पत्र, कारागार में रहते हुए उनके द्वारा बनाये गये रेखाचित्र तथा अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा सहित राष्ट्र प्रमुखों द्वारा उन्हें दिये गये उपहार शामिल हैं। अदालत ने दिसंबर 2023 में यह निर्णय सुनाया कि एजेंसी विवाद में आयी इन वस्तुओं के बारे में यह समुचित साक्ष्य नहीं दे पायी कि वे विरासत कानून में परिभाषित विरासत वस्तुओं के दायरे में आते हैं। ग्वेर्नसे ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि करीब 100 वस्तुओं की पेशकश अनारक्षित नीलामी के तहत की जायेगी। कंपनी ने कहा कि इस नीलामी से प्राप्त होने वाली राशि का उपयोग कुनु में पूर्व राष्ट्रपति की समाधि के चारों ओर मंडेला स्मारक उद्यान बनाने के लिए किया जाएगा।

# बंधकों की रिहाई के बदले युद्ध समाप्त करने की हमास की शर्तों को नेतन्याहू ने किया खारिज, कहा– सैनिकों की शहादत व्यर्थ हो जाएगी

नेतन्याहू को कैद में रह गए 136 बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए बढ़ते दबाव का सामना करना पड़ा है। बंधकों और लापता व्यक्तियों के परिवार फोरम ने एक बयान में मांग की कि नेतन्याहू स्पष्ट रूप से कहें कि हम अक्टूबर की पराजय में अपहृत नागरिकों, सैनिकों और अन्य लोगों को नहीं छोड़ेंगे।इजरायल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने युद्ध को समाप्त करने और बंधकों को रिहा करने के लिए हमास द्वारा प्रस्तुत शर्तों को खारिज कर दिया, जिसमें इजरायल की पूर्ण वापसी और गाजा में हमास को सत्ता में छोड़ना शामिल होगा। जैसे ही इजरायली विमानों ने दक्षिणी गाजा पट्टी में खान यूनिस पर बमबारी शुरू की, हमास के वरिष्ठ अधिकारी सामी अबू जुहरी ने रॉयटर्स को बताया कि इजरायली नेता द्वारा गाजा में सैन्य आक्रमण को समाप्त करने से इनकार करने का इसका मतलब है कि (इजरायली) बंदियों की वापसी की कोई संभावना नहीं है।नेतन्याहू ने एक बयान में कहा कि हमारे बंधकों की रिहाई के बदले में हमास युद्ध की समाप्ति, गाजा से हमारी सेना की वापसी, सभी हत्यारों और बलात्कारियों की रिहाई की मांग करता है और हमास को बरकरार रखने की मांग करता है। नेतन्याहू ने कहा कि मैं हमास के राक्षसों के आत्मसमर्पण की शर्तों को सिरे से खारिज करता हूं। संयुक्त राज्य अमेरिका, कतर और मिस्र द्वारा नवंबर के अंत में किए गए एक समझौते के तहत, 7 अक्टूबर को हमास



आतंकवादियों के हमले के दौरान गाजा में बंदी बनाए गए अनुमानित 240 बंधकों में से 100 से अधिक को इजरायल में रखे गए 240 फिलिस्तीनियों की रिहाई के बदले में मुक्त कर दिया गया था।द नेतन्याहू को कैद में रह गए 136 बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए बढ़ते दबाव का सामना करना पड़ा है। बंधकों और लापता व्यक्तियों के परिवार फोरम ने एक बयान में मांग की कि नेतन्याहू स्पष्ट रूप से कहें कि हम अक्टूबर की पराजय में अपहृत नागरिकों, सैनिकों और अन्य लोगों को नहीं छोड़ेंगे। इसमें कहा गया कि हमें अब सौदे को आगे बढ़ाना चाहिए। अगर प्रधान मंत्री बंधकों की बलि देने का फैसला करते हैं, तो उन्हें नेतृत्व दिखाना चाहिए और ईमानदारी से इजरायली जनता के साथ अपनी स्थिति साझा करनी चाहिए।

# अमेरिका में भी जय श्री राम, न्यूयार्क का टाइम्स स्क्वायर भगवान राम की तस्वीर से जगमगा उठा



भारतीय प्रवासियों ने राम मंदिर, अयोध्या में प्राण–प्रतिष्ठा के शानदार उत्सव के साथ टाइम्स स्क्वायर को रोशन किया। पारंपरिक भारतीय पोशाक पहने हुए, उन्होंने भारत की सांस्कृतिक विरासत, जीवंतता और एकता का प्रदर्शन करते हुए उत्साहपूर्वक भजन और गीत गाए। अयोध्या में राम मंदिर में राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा से पहले, भारतीय प्रवासियों ने न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर को शानदार समारोहों से रोशन किया। उत्सव की तस्वीरें और वीडियो साझा करते हुए, न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारतीय प्रवासियों ने राम मंदिर, अयोध्या में प्राण–प्रतिष्ठा के शानदार उत्सव के साथ टाइम्स स्क्वायर को रोशन किया। पारंपरिक भारतीय पोशाक पहने हुए, उन्होंने भारत की सांस्कृतिक विरासत, जीवंतता और एकता का प्रदर्शन करते हुए उत्साहपूर्वक भजन और गीत गाए। भारतीय प्रवासी के सदस्यों को न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर श्जय श्री रामश लिखे भगवा झंडे लहराते हुए देखा जा सकता है। लोग पारंपरिक पोशाक पहने, नृत्य करते, भजन गाते हुए भी देखे गए। मंदिरों का शहर अयोध्या भगवान राम के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को नवनिर्मित राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने वाले हैं। भगवान राम के बचपन के रूप राम लल्ला की मूर्ति की श्प्राण प्रतिष्ठाश में देश के प्रमुख आध्यात्मिक और धार्मिक संप्रदायों के प्रतिनिधियों, विभिन्न आदिवासी समुदायों के प्रतिनिधियों और प्रमुख लोगों सहित सभी क्षेत्रों के लोग शामिल होंगे।

# 2 सप्ताह में 6 हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़, निकाली गई रैली


टंडन ने एक एक्स पोस्ट में कहा कि पिछले दो हफ्तों में, छह भारतीय मंदिरों में तोड़फोड़ की गई है, जिनमें से पांच वहाब जिले में स्थित हैं। सीनेटर आयशा वहाब की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। टंडन और प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने बैठक की मांग करते हुए सीनेटर वहाब के कार्यालय के सामने एक रैली आयोजित की। अमेरिकी कांग्रेस के उम्मीदवार रितेश टंडन ने दावा किया है कि पिछले दो हफ्तों में कैलिफोर्निया में छह भारतीय मंदिरों में तोड़फोड़ की गई। कैलिफोर्निया के 17वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट के प्रतिनिधित्व के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे भारतीय मूल के डेमोक्रेटिक उम्मीदवार टंडन ने राज्य सीनेटर आयशा वहाब की प्रतिक्रिया की कमी पर निराशा व्यक्त करते हुए कार्रवाई का आह्वान किया है। टंडन ने एक एक्स पोस्ट में कहा कि



पिछले दो हफ्तों में, छह भारतीय मंदिरों में तोड़फोड़ की गई है, जिनमें से पांच वहाब जिले में स्थित हैं। सीनेटर आयशा वहाब की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। टंडन और प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने बैठक की मांग करते हुए सीनेटर वहाब के कार्यालय के सामने एक रैली आयोजित की। कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान होने के बावजूद, कार्यालय बंद था, जिससे टंडन ने करदाताओं के डॉलर के उपयोग के बारे में चिंता जताई और संभावित वापसी का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि आज, हमने सीनेटर वहाब के कार्यालय के सामने एक विरोध रैली आयोजित की, जिसमें उनके कर्मचारियों के साथ बैठक की मांग की गई। दुर्भाग्य से कार्य दिवस पर कार्यालय समय के भीतर होने के बावजूद, कार्यालय बंद था। यह स्थिति आपके कर डॉलर के उपयोग पर प्रकाश डालती है और सुझाव देती है कि इसे वापस लेने पर विचार करने का समय आ गया है।

# आराम कर रहे सैनिकों पर साथी सैनिक ने बरसाई गोलियां, पांच की मौके पर मौत

सरकारी टीवी ने बताया कि गोलीबारी तब हुई जब आरोपी सैनिक एक बैरक के शयनगृह में पहुंचा और वहां आराम कर रहे सैनिकों पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। इस घटना के उद्देश्य का अब पता नहीं चला है और संदिग्ध फरार है। तेहरान। ईरान के एक सैनिक ने दक्षिणपूर्वी करमन शहर में रविवार को अपने साथी सैनिकों पर गोलियां चलायी जिनमें से पांच की मौत हो गयी। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने यह खबर दी है। करमन शहर में ही इस महीने की शुरुआत में बम हमले में 94 लोग मारे



गए थे। सरकारी टीवी ने बताया कि गोलीबारी तब हुई जब आरोपी सैनिक एक बैरक के शयनगृह में पहुंचा और वहां आराम कर रहे सैनिकों पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। इस घटना के उद्देश्य का अब पता नहीं चला है और संदिग्ध फरार है।खबर में कहा गया है कि हमला राजधानी तेहरान से करीब 830 किलोमीटर दूर करमन में हुआ। करमन में इस महीने दो घातक विस्फोटों में 94 लोगों की मौत हो गयी थी और सैकड़ों अन्य घायल हो गए थे। यह विस्फोट अमेरिका की ओर से वर्ष 2020 में किये गये ड्रोन हमले में मारे गए एक प्रमुख ईरानी जनरल की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हुए थे। इस्लामिक स्टेट ने इसकी जिम्मेदारी ली थी। ईरान में सैन्य अड्डों पर गोलीबारी की ऐसी घटनाएं सामने आती रहती हैं। 2022 में एक सैनिक ने एक अन्य सैनिक और तीन पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी थी। ईरान में 19 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों के लिए 24 महीने की सैन्य सेवा अनिवार्य है।

# अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा से पहले मेक्सिको में भी गूंजा जय श्री राम, रामलला हुए विराजमान



नवनिर्मित मंदिर में प्रतिष्ठित मूर्तियां भारत से लाई गई थीं। मेक्सिको में भारतीय दूतावास ने खबर साझा करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स का सहारा लिया। इसमें कहा गया कि मेक्सिको में पहला भगवान राम मंदिर! नवनिर्मित राम जन्मभूमि मंदिर में भगवान राम लला की प्राण–प्रतिष्ठा (प्रतिष्ठा समारोह) से पहले, उत्तरी अमेरिकी देश मेक्सिको को रविवार को क्वेरेटारो शहर में अपना पहला भगवान राम मंदिर मिल गया। भारतीय प्रवासियों द्वारा गाए गए भजनों और गीतों के बीच आयोजित देवता का अभिषेक समारोह, मैक्सिकन मेजबानों के साथ एक अमेरिकी पुजारी द्वारा किया गया था। बाद में मंदिर का उद्घाटन किया गया और भक्तों के लिए खोल दिया गया। नवनिर्मित मंदिर में प्रतिष्ठित मूर्तियां भारत से लाई गई थीं। मेक्सिको में भारतीय दूतावास ने खबर साझा करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स का सहारा लिया। इसमें कहा गया कि मेक्सिको में पहला भगवान राम मंदिर! अयोध्या में श्प्राण प्रतिष्ठाश समारोह की पूर्व संध्या पर, मेक्सिको के क्वेरेटारो शहर को पहला भगवान राम मंदिर मिला। क्वेरेटारो मेक्सिको में पहले भगवान हनुमान मंदिर की भी मेजबानी करता है। मंदिर और समारोह की तस्वीरें साझा करते हुए, इसमें कहा गया, ष्श्प्राण प्रतिष्ठाश समारोह एक अमेरिकी पुजारी द्वारा मैक्सिकन मेजबानों और भारत से लाई गई मूर्तियों के साथ किया गया था। भजन और गाने गाए जाने से वातावरण दिव्य ऊर्जा से भर गया था पूरे हॉल में प्रवासी भारतीयों की आवाज गूँज उठी। इस बीच, उत्तर प्रदेश का मंदिर शहर सोमवार दोपहर को नवनिर्मित राम जन्मभूमि मंदिर में भगवान राम लला की बहुप्रतीक्षित भव्य प्राण–प्रतिष्ठा (प्रतिष्ठा समारोह) के लिए तैयार हो गया है।

# ट्रंप ने निक्की हेली को समझ लिया नैंसी पेलोसी, बाइडेन ने उड़ाया मजाक

बाइडेन ने वीडियो को कैप्शन दते हुए लिखा कि मैं निक्की हेली से हर बात पर सहमत नहीं हूं, लेकिन हम इस बात पर सहमत हैं कि वह नैन्सी पेलोसी नहीं है। ट्रंप ने गलती से अपने भाषण में पेलोसी की जगह हेली का नाम ले लिया था, जिसके बाद हेली ने कीने में बोलते हुए उन पर और मानसिक फिटनेस पर कटाक्ष किया।राष्ट्रपति जो बाइडेन ने निक्की हेली को नैंसी पेलोसी के साथ भ्रमित करने के लिए डोनाल्ड ट्रम्प का मजाक उड़ाया। बाइडेन ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें 20 जनवरी की रैली से हेली



की टिप्पणियों साथ ही 19 जनवरी को ट्रम्प की रैली और पिछली रैलियों के क्षणों पर प्रकाश डाला गया है। हेली ने कहा कि कल रात, ट्रम्प एक रैली में हैं। वह बार–बार मेरा जिक्र कर रहा है कि मैंने 6 जनवरी को बेहतर तरीके से क्यों नहीं संभाला। मैं तब ऑफिस में नहीं था। वे कह रहे हैं कि वह भ्रमित हो गया है। उन्होंने कहा कि वह भ्रमित हो गया। वह भ्रमित हो गए और कहा कि वह ओबामा के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। वह कभी भी ओबामा के खिलाफ नहीं लड़े। हमारे देश को इस तरह खतरे में मत डालो। बाइडेन ने वीडियो को कैप्शन दते हुए लिखा कि मैं निक्की हेली से हर बात पर सहमत नहीं हूं, लेकिन हम इस बात पर सहमत हैं कि वह नैन्सी पेलोसी नहीं है। ट्रंप ने गलती से अपने भाषण में पेलोसी की जगह हेली का नाम ले लिया था, जिसके बाद हेली ने कीने में बोलते हुए उन पर और मानसिक फिटनेस पर कटाक्ष किया। हेली ने कहा कि मैं कुछ अपमानजनक नहीं कहना चाहती, लेकिन राष्ट्रपति पद की जिम्मेदारियों और उसके प्रेशर के बीच में हम ऐसे किसी व्यक्ति की मानसिक हालत को लेकर रिस्क नहीं ले सकते। न्यू हैम्पशायर में हेली ने आगे कहा– जहां

अमेरिका में इस वक्त अव्यवस्था है, वहीं पूरी दुनिया में भी तेजी से बदलाव हो रहे हैं। ऐसे में हमें यह सोचने की जरूरत है

कि क्या अमेरिका को फिर से 2 ऐसे राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार चाहिए जो 80 साल के हैं। हमें ऐसे लोगों की जरूरत है जो बेहद एक्टिव हों।

# एक बार फिर चीनी गुब्बारे ने पार की ताइवान की सीमा, मची सनसनी

जासूसी के लिए चीन द्वारा गुब्बारों का उपयोग करने की संभावना पिछले फरवरी में एक वैश्विक मुद्दा बन गई जब संयुक्त राज्य अमेरिका ने एक चीनी निगरानी गुब्बारे को मार गिराया। चीन ने कहा कि गुब्बारा एक नागरिक जहाज था जो गलती से भटक गया। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने ताइवान जलडमरूमध्य के ऊपर छह और चीनी गुब्बारे उड़ते हुए देखे, जिनमें से एक द्वीप को पार कर गया। मंत्रालय का कहना है कि उसने पिछले डेढ़ महीने में ऐसे गुब्बारे देखे हैं। मंत्रालय ने इस महीने की शुरुआत में कड़े शब्दों में एक बयान में चीन पर विमानन सुरक्षा को धमकी देने और ताइवान के 13 जनवरी के चुनावों से कुछ दिन पहले गुब्बारों के साथ द्वीप के लोगों पर मनोवैज्ञानिक युद्ध छेड़ने का आरोप लगाया था। चीन के रक्षा मंत्रालय, जिसने पिछले महीने गुब्बारों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया था, ने टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया।


# इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट से बाहर हुए विराट कोहली निजी कारणों से हटे

विराट कोहली निजी कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती दो टेस्ट मैच से हट गए हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। बीसीसीआई ने साथ ही प्रशंसकों और मीडिया से अपील की कि वे इस स्टार क्रिकेटर के ब्रेक लेने के कारणों पर अटकलें लगाना बंद करें। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली निजी कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती दो टेस्ट मैच से हट गए हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। बीसीसीआई ने साथ ही प्रशंसकों और मीडिया से अपील की कि वे इस स्टार क्रिकेटर के ब्रेक लेने के कारणों पर अटकलें लगाना बंद करें। पांच मैच की सीरीज हैदराबाद में 25 जनवरी से शुरू होगी। वहीं इस दौरान बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बयान में कहा, ''विराट कोहली ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से निजी कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला के शुरुआती दो टेस्ट से उन्हें हटाने का आग्रह किया है।'' बीसीसीआई ने साथ ही कहा कि कोहली ने हटने के अपने फैसले के बारे में कप्तान रोहित शर्मा और टीम प्रबंधन से भी बात की है। विज्ञप्ति के अनुसार, "विराट ने कप्तान रोहित शर्मा, टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं से बात की है और जोर देते हुए कहा कि देश का प्रतिनिधित्व करना हमेशा उनकी शीर्ष प्राथमिकता है लेकिन कुछ निजी स्थितियों में उनकी मौजूदगी की जरूरत है।" बीसीसीआई जल्द ही उनके विकल्प की घोषणा करेगा।



# बीसीसीआई एनुअल अवार्ड का ऐलान, जानें कब, कैसे और कहां देखें अवार्ड सेरेमनी लाइव

23 जनवरी को हैदराबाद में एनुअल अवॉर्ड का ऐलान करने जा रहा है। ये अवॉर्ड सेरेमनी चार साल के बाद आयोजित हो रही है। पिचली बीसीसीआई एनुअल अवॉर्ड सेरेमनी 2018–19 सीजन के लिए कोविड–19 आने से ठीक दो महीने पहले 13 जनवरी 2020 को मुंबई में आयोजित हुई थी। बीसीसीआई भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट सीरीज से पहले यानी 23 जनवरी को हैदराबाद में एनुअल अवॉर्ड का ऐलान करने जा रहा है। ये अवॉर्ड सेरेमनी चार साल के बाद आयोजित हो रही है। पिचली बीसीसीआई एनुअल अवॉर्ड सेरेमनी 2018–19 सीजन के लिए कोविड–19 आने से ठीक दो महीने पहले 13 जनवरी 2020 को मुंबई में आयोजित हुई थी। उस दौरान टॉप तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर के लिए पॉली उमरीगर पुरस्कार जीता था। जबकि लेग स्पिनर पूनम यादव ने महिला वर्ग में पुरस्कार जीता था। इस अवॉर्ड सेरेमनी में इंग्लैंड के खिलाड़ियों के भी शामिल होने की उम्मीद जताई जा रही है। यह कान की मशीन कम सुनाई देने वालों के लिए वरदान साबित हो रही है दरअसल, भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैच की टेस्ट सीरीज का आगाज 25 जनवरी से होने जा रहा है और इंग्लैंड की टीम




इस मुकाबले के लिए हैदराबाद पहुंच चुकी है। बीसीसीआई एनुअल अवॉर्ड 2023 कब होंगे? बीसीसीआई एनुअल अवॉर्ड 2023 इस बार 23 जनवरी को हैदराबाद में होंगे। बीसीसीआई एनुअल अवॉर्ड 2023 का समय क्या है? बीसीसीआई एनुअल अवॉर्ड 2023 भारतीय समयानुसार शाम 6 बजे शुरू होंगे। बीसीसीआई एनुअल अवॉर्ड 2023 का प्रसारण कहां होगा? बीसीसीआई एनुअल अवॉर्ड 2023 का प्रसारण जियो सिनेमा पर बिल्कुल फ्री में होगा।

# आईपीएल 2024 का कब होगा आगाज ? यहां जानें इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन की पूरी डिटेल्स

आईपीएल 2024 की शुरुआत 22 मार्च से होगी, जबकि टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 26 मई को खेला जाएगा। वहीं महिला प्रीमियर लीग की बात करें तो टूर्नामेंट 22 फरवरी से 17 मार्च तक खेला जाएगा। टी20 वर्ल्ड कप 2024 से कुछ ही दिन पहले तक आईपीएल चलेगा। आईपीएल के 17वें सीजन की शुरुआत कब होगी इसका पता चल गया है। दरअसल, आईपीएल फैंस के लिए अच्छी खबर है कि, आईपीएल 2024 का आगाज 22 मार्च से होगा जबकि लोकसभा चुनाव और टी20 वर्ल्ड कप 2024 के कारण मई के आखिरी सप्ताह में खत्म होगा। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, आईपीएल 2024 की शुरुआत




22 मार्च से होगी, जबकि टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 26 मई को खेला जाएगा। वहीं महिला प्रीमियर लीग की बात करें तो टूर्नामेंट 22 फरवरी से 17 मार्च तक खेला जाएगा। टी20 वर्ल्ड कप 2024 से कुछ ही दिन पहले तक आईपीएल चलेगा, लेकिन अच्छी बात ये है कि भारत के मैच 5 जून से शुरू होंगे। डब्ल्यूपीएल 2024 के लिए बेंगलुरु और दिल्ली को फाइनल किया गया है। लेकिन आईपीएळ 2024 के लिए अभी कुछ भी तय नहीं है। आधिकारिक रूप से आईपीएल 2024 के ओपनिंग मैच और फाइनल मैच की डेट एक दो दिन में सामने आएगी। आईपीएल के शेड्यूल को लोकसभा चुनावों के शेड्यूल के बाद जारी किया जाएगा। जिस–जिस शहर में आईपीएल के मैच होंगे, उसके आस–पास चुनाव नहीं होने चाहिए। जिस कारण ऐसा शेड्यूल बोर्ड तेयार करेगा। बोर्ड का अधिकांश क्रिकेट बोर्डों से आश्वासन मिल चुका है। उनके खिलाड़ी फाइनल तक उपलब्ध होंगे। हालांकि, ये देखते हुए टी20 वर्ल्ड कप 1 जून से शुरू हो रहा है, कुछ खिलाड़ियों के जल्दी जाने से इनकार नहीं किया जा सकता है। लेकिन इस स्तर पर, बीसीसीआई की पहली और सबसे बड़ी चिंता शेड्यूल को आम चुनावों के साथ संरेखित करना और लीग को भारत में सुसफल आयोजित करना होगा।

# पाकिस्तान क्रिकेट की बदहाली के लिए इंजमाम ने जका अशरफ को ठहराया जिम्मेदार

पूर्व चयनकर्ता इंजमाम उल हक का बयान आया है। दरअसल, वर्ल्ड कप 2023 में पाकिस्तान के खराब परफॉर्मेंस के लिए इंजमाम ने पूर्व पीसीबी जका अशरफ को जिम्मेदार ठहराया है। जुलाई में पीसीबी के संचालन के लिए अंतरिम प्रबंधन समिति के प्रमुख बनाए गए जका ने कुछ दिन पहले ही अपने पद से इस्तीफा दिया है। पाकिस्तान क्रिकेट में लगातार चल रहे हंगामे के बीच पूर्व चयनकर्ता इंजमाम उल हक का बयान आया है। दरअसल, वर्ल्ड कप 2023 में पाकिस्तान के खराब परफॉर्मेंस के लिए इंजमाम ने पूर्व पीसीबी जका अशरफ को जिम्मेदार ठहराया है। जुलाई में पीसीबी के संचालन के लिए अंतरिम प्रबंधन समिति के प्रमुख बनाए गए जका ने कुछ दिन पहले समिति की एक बैठक में घोषणा की थी कि वह अध्यक्ष और बोर्ड के सदस्य के रूप में तुरंत इस्तीफा दे रहे हैं। इंजमाम को टूर्नामेंट की समाप्ति के बाद 'हितों के टकराव' के आरोपों के कारण हटा दिया गया था। उन पर आरोप था कि







उनका प्रबंधन ब्रिटेन स्थित कंपनी द्वारा किया जाता है जो कुछ सक्रिय खिलाड़ियों के व्यावसायिक हितों को भी देखती है। इंजमाम ने एक पाकिस्तानी टीवी चौनल से कहा, ''क्या आप खिलाड़ियों की मानसिकता की कल्पना कर सकते हैं जब भारत में विश्व कप जैसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट के दौरान वे सुनते हैं कि पीसीबी अध्यक्ष कह रहे हैं कि टीम का चयन बोर्ड द्वारा नहीं बल्कि कप्तान और मुख्य चयनकर्ता द्वारा किया गया है।'' इंजमाम विश्व कप में पाकिस्तान के कुछ मैच हारने के बाद जका के निर्देश पर पीसीबी द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति का जिक्र कर रहे थे जिसमें चयनित टीम के बारे में किसी भी जिम्मेदारी से पूरी तरह से पल्ला झाड़ा गया था और संकेत दिया गया था कि कप्तान बाबर आजम को टूर्नामेंट के बाद बर्खास्त कर दिया जाएगा। इंजमाम ने कहा, ''जरा सोचिए कि खिलाड़ियों के दिमाग में क्या चल रहा होगा जब उन्होंने सुना होगा कि मुख्य चयनकर्ता के खिलाफ एक जांच समिति गठित की गई है और उन्होंने इस्तीफा दे दिया है।'' उन्होंने कहा, ''ऐसा कहां होता है?'' पीसीबी के एक वरिष्ठ अधिकारी मुस्तफा रामदे ने इंजमाम की शिकायतों का समर्थन करते हुए कहा कि जका के निरंकुश तरीके बोर्ड के लिए हानिकारक हो गए थे।

मुस्तफा उन दो उम्मीदवारों में शामिल थे जिन्हें पूर्व प्रधान मंत्री शाहबाज शरीफ ने पीसीबी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स और अध्यक्ष पद के लिए नामित किया था।

उन्होंने आरोप लगाया कि जका ने अकेले 'वन मैन शो' चलाया जिससे पाकिस्तान क्रिकेट को बहुत नुकसान हुआ।

# सानिया मिर्जा और शोएब के बीच तलाक की मुख्य वजह आई सामने, जानें कारण

सानिया मिर्जा के पिता ने जानकारी दी थी कि शोएब और सानिया के बीच खुला हुआ है। इसका यह अर्थ होता है कि एक पत्नी पति की अनुमति के बिना भी तलाक ले सकती है। वहीं पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट में यह कहा गया है कि सानिया मिर्जा शोएब मलिक के एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर्स से तंग आ चुकी थी। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शोएब मलिक और भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा के बीच तलाक हो चुका है। इसकी जानकारी आधिकारिक तौर पर शनिवार को मिली जब शोएब मलिक ने पाकिस्तानी अभिनेत्री सना जावेद से अपनी शादी की घोषणा इंस्टाग्राम पर फोटो शेयर कर दी। शोएब मलिक ने सोशल मीडिया पर अपनी पत्नी के साथ फोटो शेयर कर शादी की घोषणा की है। इसी बीच पाकिस्तान में मीडिया ने एक बड़ा



खुलासा भी किया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शोएब मलिक की शादी में उनके परिवार का कोई सदस्य शामिल नहीं हुआ है। वहीं सानिया मिर्जा और शोएब मलिक के बीच तलाक की वजह भी सामने आ गई है। बता दें कि सानिया मिर्जा के पिता ने जानकारी दी थी कि शोएब और सानिया के बीच खुला हुआ है। इसका यह अर्थ होता है कि एक पत्नी पति की अनुमति के बिना भी तलाक ले सकती है। वहीं पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट में यह कहा गया है कि सानिया मिर्जा शोएब मलिक के एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर्स से तंग आ चुकी थी। शोएब मलिक की बहनों ने भी इसका खुलासा किया है। लंबे समय से दोनों के बीच तलाक की खबर सामने आ रही थी। सानिया ने शोएब को दी शुभकामनाएं सानिया मिर्जा के परिवार ने रविवार को भारतीय टेनिस स्टार और शोएब मलिक के अलग होने की पुष्टि की। मलिक ने एक दिन पहले अभिनेत्री सना जावेद से दूसरे निकाह की घोषणा की थी। दोनों देशों के खेल प्रेमियों के बीच इस 'हाई प्रोफाइल' जोड़ी को लेकर काफी दिलचस्पी रहती थी लेकिन उनके तलाक से इसका अंत हो गया। मलिक (41 वर्ष) ने शनिवार को सना के साथ अपनी शादी की तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी। सानिया के परिवार द्वारा जारी बयान के अनुसार, " सानिया ने अपनी व्यक्तिगत जिंदगी को हमेशा लोगों की नजरों से दूर रखा है। लेकिन आज उनके लिए यह बताना जरूरी हो गया है कि कुछ महीने पहले ही उनका और शोएब का तलाक हो चुका है। वह शोएब को उनके नये सफर के लिए शुभकामनाएं देती हैं। " बयान के अनुसार, " उनकी जिंदगी के इस संवेदनशील दौर में हम सभी प्रशंसकों और शुभचिंतकों से अनुरोध करना चाहेंगे कि वे किसी भी अटकलबाजी में शामिल होने से बचें और उनकी गोपनीयता की जरूरत का सम्मान करें।

# राम लला प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बनीं जगत की हस्तियां, सचिन तेदुंलकर से लेकर विराट कोहली ने लगाई हाजरी

आज अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन हो रहा है। ऐसे में भारतीय खिलाड़ी अयोध्या पहुंचे हैं। क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर से लेकर विराट कोहली तक कई खिलाड़ियों ने रामलला के दर्शन के लिए आतुर हैं। वहीं इस कार्यक्रम के मुख्य यजमान प्रधानमंत्री मोदी थे। 500 वर्षों से जिस दिन का पूरे भारतवर्ष को इंतजार था आखिरकार वो इंतजार आज पूरा हो गया। आज अयोध्या में राम लला की



प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन हो रहा है। ऐसे में भारतीय खिलाड़ी अयोध्या पहुंचे हैं। क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर से लेकर विराट कोहली तक कई खिलाड़ियों ने रामलला के दर्शन के लिए आतुर हैं। वहीं इस कार्यक्रम के मुख्य यजमान प्रधानमंत्री मोदी थे। बता दें कि, प्राण प्रतिष्ठा के लिए 12 बजकर 29 मिनट 8 सेकंड से लेकर 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकंड का मुहुर्त चुना गया है। वहीं इस समारोह में कई खिलाड़ी सम्मलित हुए। इनमें सचिन तेंदुलकर से लेकर अनिल कुंबले, साइना नेहवाल और मिताली राज जैसे खिलाड़ी शामिल रहे। इस दौरान अनिल कुंबले ने एएनआई से कहा कि, ये एक अद्भुत अवसर है, बहुत ही दिव्य अवसर है। इसका हिस्सा बनकर धन्य हो गया। ये बहुत ऐतिहासिक है।

# वजन घटाने के लिए सुबह खाली पेट पिएं सेलरी जूस, बिना एक्सरसाइज के घट जाएगा कई किलो वजन

आप भी बिना एक्सरसाइज या डाइटिंग के वजन कम करने की कोशिश में रहते हैं. तो वजन घटाने के लिए सबसे आसान और प्राकृतिक तरीकों में से एक है. सुबह खाली पेट सेलरी का जूस पीना. सेलरी में कई सारे पोषक तत्व पाए जाते हैं जैसे विटामिन, मिनरल्स, एंटीऑक्सिडेंट्स आदि. ये सभी शरीर को डिटॉक्सीफाई करते हैं और मेटाबॉलिज्म बढ़ाने में मदद करते हैं. इसके अलावा, सेलरी में फाइबर भी पाया जाता है जो पेट को भरा हुआ रखता है और भूख कम करता है. आइए जानते हैं इसके और भी फायदे..सेलरी डिटॉक्स करता हैसेलेरी में पानी की मात्रा अच्छी खासी होती है, जो इसे एक हाइड्रेटिंग फूड बनाती है. सेलेरी खाने से शरीर में पानी की कमी नहीं होती और वजन भी नियंत्रित रहता है. इसके अलावा, सेलेरी में एंटीऑक्सीडेंट गुण भी होते हैं जो शरीर से विषैले पदार्थों और फ्री रेडिकल्स को बाहर निकालने में मदद करते हैं. ये शरीर की डिटॉक्स प्रक्रिया को बढ़ावा देकर हानिकारक टॉक्सिन्स से छुटकारा दिलाते हैं और एंटी–इंफ्लेमेटरी प्रभाव डालते हैं. इस प्रकार सेलेरी, अपने पानी और एंटीऑक्सीडेंट्स की उपस्थिति से शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालकर डिटॉक्सिफाई करने में मदद करता है. चर्बी को जलाता है

सेलेरी में कई प्रकार के एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं जैसे विटामिन ष्ट, विटामिन श्व, बीटा कैरोटीन, ल्यूटिन आदि. ये सभी शरीर में ऑक्सीडेटिव तनाव कम करने का काम करते हैं. ऑक्सीडेटिव तनाव की वजह से शरीर में फ्री रेडिकल्स बनते हैं जो कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकते हैं. सेलेरी के एंटीऑक्सीडेंट फ्री रेडिकल्स से लड़कर कोशिकाओं की रक्षा करते हैं. साथ ही, ये एंटीऑक्सीडेंट मेटाबॉलिज्म प्रक्रिया को तेज करके शरीर में अतिरिक्त चर्बी जलाने में मदद करते हैं. इस तरह सेलेरी वजन घटाने और चर्बी कम करने का काम करता है.सेलरी जूस कैसे बनाते हैं?

सबसे पहले सेलरी की स्टिक्स को अच्छे से साफ कर लें. फिर इन स्टिक्स को काट लें ताकि इन्हें जूसर में पीसा जा सके. अब इन कटी हुई स्टिक्स के साथ कुछ पत्ते सेलरी भी डालें. इसके बाद थोड़ा सा नींबू का रस और एक चम्मच शहद मिलाएं. अब इन सभी सामग्रियों को एक जूसर मशीन में डालकर अच्छी तरह पीस लें. एक बार सभी सामग्रियां अच्छी तरह मिक्स हो जाएं तो जूसर बंद कर दें. आपका टेस्टी और हेल्दी सेलरी जूस तैयार है. इसे बर्फ या फिर अभी नॉर्मल पानी के साथ सर्व करें और आनंद लें.

# क्या आपको भी लगती है ज्यादा ठंड, तो हो सकती है कोल्ड इनटालरेंस की समस्या, जानें इस बीमारी के बारे में

सर्दी के मौसम में कई तरह की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, ना सिर्फ इंफेक्शन बल्कि कई ऐसी बीमारियां होती है जिनका नाम तक शायद आपने नहीं सुना होगा. उन्हीं में से एक है कोल्ड इनटॉलरेंस. जी हां यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें शरीर ठंडा पड़ जाता है और आपको बहुत ज्यादा ठंड लगती है. इतना ही नहीं कोल्ड इनटॉलरेंस होने से खून की कमी से लेकर थायराइड की बीमारी भी हो सकती है, आइए आज हम आपको बताते हैं कोल्ड इनटॉलरेंस के बारे में.

क्या होता है कोल्ड इनटॉलरेंस

डॉक्टर्स का मानना है कि अगर किसी इंसान को बहुत ज्यादा ठंड लगती है या कोई व्यक्ति कोल्ड टेंपरेचर के लिए काफी सेंसिटिव होता है, तो इस स्थिति को कोल्ड इनटॉलरेंस कहा जाता है. सिर्फ सर्दी के मौसम में नहीं ऐसे लोगों को कूलर, एसी या हवा के पास बैठने पर भी सर्दी का एहसास होता है और कई बार कोल्ड इनटॉलरेंस लोगों को सीत की समस्या भी होने लगती है.

कब होती है कोल्ड इनटॉलरेंस की समस्या

कोल्ड इनटॉलरेंस की समस्या क्यों होती है? तो एक्सपर्ट्स का मानना है कि हमारी बॉडी का जो टेंपरेचर है वह अलग–अलग सिस्टम से कंट्रोल किया जाता है. दिमाग में मौजूद हाइपोथैलेमस शरीर के तापमान को रेगुलेट करने के लिए थर्मोस्टेट के तौर पर काम करता है. यह दिमाग को मैसेज भेजता है जिसकी मदद से बॉडी में हीट प्रोडक्शन या कोल्ड प्रोडक्शन को कंट्रोल किया जाता है.

## कोल्ड इनट लरेंस से कैसे बचें

अब बात आती है कि कोल्ड इनटॉलरेंस की समस्या से कैसे बचा जाए, तो इसके लिए जिन लोगों को बहुत ज्यादा ठंड लगती है उन्हें गर्म कपड़े पहनकर ही पूरे समय रहना चाहिए. इतना ही नहीं पूरी बॉडी को वार्मर से कवर करें और उसके ऊपर अपने रेगुलर कपड़े पहनें. अगर आपकी स्किन बहुत ज्यादा सेंसिटिव है तो आप सॉफ्ट वूलन का इस्तेमाल करें, क्योंकि कई बार कोल्ड इनटॉलरेंस की समस्या के कारण शरीर में चकत्ते भी पडने लगते हैं.

# 200 करोड़ क्लब में गुंटूर कारम की धाकड़ एंट्री! महेश बाबू की फिल्म के नाम हुए ये 4 रिकार्ड

महेश बाबू की फिल्म गुंटूर कारम बॉक्स ऑफिस पर छा गई है. रिलीज के बाद से ही फिल्म धुआंधार कारोबार कर रही है. फिल्म ने जहां घरेलू बॉक्स ऑफिस पर दमदार कलेक्शन किया है तो वहीं वर्ल्डवाइड भी फिल्म का दबदबा है. अपने पांच दिनों के कलेक्शन के साथ फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया था तो वहीं एक हफ्ते के अंदर ही फिल्म ने दुनियाभर में 200 करोड़ क्लब में एंट्री ले ली है.

गुंटूर कारम ने अपने पहले हफ्ते में ही वर्ल्डवाइड 200 करोड़ का बिजनेस करके कई रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए हैं. फिल्म के प्रोडक्शन हाउस ने फिल्म का वर्ल्डवाइड कलेक्शन शेयर किया है. जिसके मुताबिक 212 करोड़ के वर्ल्डवाइड कलेक्शन के साथ गुंटूर कारम 200 करोड़ क्लब का हिस्सा बनने वाली साल 2024 की पहली फिल्म बन गई है. महेश बाबू की फिल्म ने साल 2024 की हाइएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म का खिताब भी अपने नाम कर लिया है. बता दें कि इस साल अब तक मैरी क्रिसमस, ना सामी रंगा, अयलान, हनुमान और कैप्टन मिलर जैसी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर दस्तक दी है. लेकिन गुंटूर कारम ने इन सभी फिल्मो को पछाड़कर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की है. गुंटूर कारम के प्रोडक्शन हाउस की मानें तो महेश बाबू की फिल्म ने पहले हफ्ते में वर्ल्डवाइड 212 करोड़ कमाकर रीजनल सिनेमा में भी इतिहास रच दिया है. रीजनल सिनेमा में अब तक किसी फिल्म ने इतनी तेजी से 200 करोड़ क्लब में एंट्री नहीं ली थी. इसके अलावा पहले के वर्ल्डवाइड कलेक्शन के साथ गुंटूर कारम 200 करोड़ क्लब में शामिल होने वाली महेश बाबू की दूसरी फिल्म भी बन गई है. पहले नंबर पर 214.8 करोड़ की कमाई के साथ अब भी फिल्म



सरिलेरु नीकेवरु है, हालांकि गुंटूर कारम यह आंकड़ा पार करने के काफी करीब आ गई है।

# तेजा सज्जा की फिल्म हनुमान ने मारी 100 करोड़ के क्लब में शानदान एंट्री

तेजा सज्जा की फिल्म म बॉक्स ऑफिस पर ऊंची उड़ान भर रही है. साउथ की ये सुपरहीरो फिल्म को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है. कम बजट में बनी ये फिल्म रोज कमाई कर रही है. 12 जनवरी को सिनमेघरों में रिलीज हुई इस फिल्म ने 9वें दिन भी बॉक्स ऑफिस पर अपना जलवा बरकरार रखा है. वहीं तेजा सज्जा की फिल्म ने 100 करोड़ के क्लब में एंट्री कर ली है.

ओपनिंग डे पर 8.05 करोड़ रुपये की कमाई करने वाली इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रखा है. जी हां, फिल्म ने अपने शानदार कलेक्शन के साथ पहला हफ्ता पूरा किया और अब इसके दूसरे हफ्ते की शुरुआत भी दमदार हुई है. तो आइए जानते हैं फिल्म ने दूसरे शनिवार घरेलू बॉक्स ऑफिस पर किरते करोड़ रुपये का बिजनेस किया...

रिपोर्ट के मुताबिक हनु मान ने रिलीज के 9वें दिन 14.25 करोड़ की कमाई की है. इसी के साथ हनु मान का 9 दिनों का कुल कलेक्शन अब 114.10 करोड़ रुपये हो गया है. फिल्म के आंकड़ें देखकर तो यही लग



रहा है कि हनुमान बहुत जल्द कई सारे रिकॉर्ड्स तोडने और बनाने वाली है.

बता दें कि हनुमान की रिलीज के साथ बॉक्स ऑफिस पर साउथ की कई फिल्मों का क्लैस हुआ था. इस लिस्ट में मैरी क्रिसमस, अयलान, फिल्म गुंटूर कारम, कैप्टन मिलर जैसी फिल्में शामिल हैं. वहीं कमाई के मामले में तेजा सज्जा ने महेश बाबू, धनुष और शिवा कार्तिकेयन जैसे बड़े स्टार्स को कड़ी टक्कर दी है. इन सभी फिल्मों को पीछे छोड़ते हुए तेजा सज्जा की हनुमान बॉक्स ऑफिस पर काफी आगे निकल चुकी है.

प्रशांत वर्मा के डायरेक्शन में बनी फिल्म हनुमान एक माइथोलॉजिकल फिल्म है. फिल्म को दर्शकों की तरफ से काफी पॉजिटि रिस्पॉन्स मिल रहा है. फिल्म की कहानी एक यंग लड़के की होती है, जिसे भगवान हनुमान की तरफ से सुपरपावर मिल जाती है. वहीं सुपरपावर मिलने के बाद यह लड़का अपने लोगों के लिए लड़ता है. वहीं तेजा ने इस यंग लड़के का किरदार निभाया है. वहीं सुपरहीरो के रूप में तेजा सज्जा को खूब पसंद किया है।

# दूसरे दिन मैं अटल हूं की कमाई में आया सुधार, फिल्म ने किया इतने करोड़ का बिजनेस



पिछले कुछ सालों से फिक्शन के साथ–साथ हिंदी सिनेमा में बयोपिक फिल्मों का भी चलन चला आ रहा है. वहीं अब देश के सबसे लोकप्रिया प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की बायोपिक फिल्म मैं अटल हूं 19 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है. इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी ने अटल बिहारी की भूमिका निभाई है.

वहीं जबसे इस बायोपिक की घोषणा हुई थी, फैंस इस फिल्म का ब्रेसब्री से इंतजार कर रह रहे थे. लेकिन शायद पंकज त्रिपाठी अटल बिहारी के किरदार में दर्शकों को ज्यादा इंप्रेस नहीं कर पाए हैं. फिल्म की शुरुआत कुछ खास नहीं रही. श्मैं अटल हूंय ने रिलीज के पहले दिन महज 1.15 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था. वहीं अब फिल्म के दूसरे दिन का कलेक्शन भी सामने आ चुका है, जिसे देखकर मेकर्स को थोड़ी राहत मिल सकती है. तो आइए जानते हैं फिल्म ने अपने रिलीज के सेकेंड डे पर कितने करोड़ रुपये का बिजनेस किया है...

रिपोर्ट के मुताबिक श्मैं अटल हूंय ने रिलीज के दूसरे दिन 1. 80 करोड़ का कलेक्शन किया है कुल मिलाकर पंकज त्रिपाठी की फिल्म दो दिनों में 2.95 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर पाई है.

पहले दिन के आंकड़ें के मुकाबले दूसरे दिन के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में इजाफा देखने को मिला है. वहीं शनिवार की रिपोर्ट को देखने के बाद उम्मीद की जा रही है कि रविवार को फिल्म की कमाई में थोड़ी और राहत देखने को मिलेगी.

वहीं फिल्म की बात करें तो एक बार फिर पंकज त्रिपाठी ने अपने अभिनय से इस किरदार में जान फूंकने की जोरदार कोशिश की है. वे अपने किरदार में सफल से दिखाई दिए हैं. पंकज के साथ–साथ फिल्म के हर कलाकार ने अपना शत–प्रतिशत देने की दमदार कोशिश की है. वैसे भी एक बायोपिक के तौर पर अक्सर फैंस को फिल्मों से काफी उम्मीद रहती हैं. फिलहाल मैं अटल हूं को दर्शकों की तरफ से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहे हैं.

बता दें कि अगल हफ्ते 25 जनवरी को सिद्धार्थ आनंद की मच अवेटेड फिल्म फाइटर सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है. ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण स्टारर इस एरियल एक्शन फिल्म का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं.

ऐसे में इस फिल्म के रिलीज के बाद मैं अटल हूंके कलेक्शन पर असर पडना शुरू हो जाएगा.

# आर्टिकल 370 का टीजर हुआ रिलीज, खुफिया अधिकारी के रूप में कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ेंगी यामी गौतम



बॉलीवुड फिल्म ओह माय गॉड 2 से शानदार कमबैक करने वालीं एक्ट्रेस यामी गौतम बहुत जल्द फिल्म श्आर्टिकल 370य में नजर आने वाली हैं। काफी समय से यामी की इस फिल्म की चर्चा चली आ रही है। शुक्रवार, 19 जनवरी को एक्ट्रेस की श्आर्टिकल 370य का फर्स्ट लुक पोस्टर और टीजर रिलीज डेट का एलान किया गया है। ऐसे में तय समयानुसार यामी गौतम की श्आर्टिकल 370य की लेटेस्ट टीजर वीडियो रिलीज कर दिया गया है।

आपको बता दें कि फिल्म श्आर्टिकल 370य के इस टाइटल से इस बात अनुमान अपने आप ही लग जाता है कि इसकी कहानी कश्मीर पर लगने वाली धारा 370 से संबंधित है। मेकर्स की तरफ से यामी गौतम की श्आर्टिकल 370य के लेटेस्ट टीजर को रिलीज किया गया। जियो स्टूडियोज ने इस टीजर को अपने ऑफिशियल यूट्यूब चौनल पर शेयर किया है। 1 मिनट 40 सेकेंड के इस वीडियो में फिल्म की स्टोरी का प्लॉट घाटी से धारा 370 हटाए जाने को लेकर है। साथ ही जब अनुच्छेद 370 कश्मीर में लागू था, तब कैसे वहां के राजनेता घाटी की आर्थिक स्थिति को नुकसान पहुंचा रहे थे। यामी इस फिल्म में भारतीय खुफिया एजेंसी की ऑफिसर दिखाई दे रही हैं, जो टीजर देखने से पता लगता है। कुल मिलाकार कहा जाए तो राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता डायरेक्टर आदित्य सुहास जांभले के निर्देशन में बनने वाली आर्टिकल 370 का ये टीजर काफी बेहतरीन लग रहा है। सोशल मीडिया पर फैंस इसको लेकर पॉजिटिव रिस्पॉन्स देने शुरू कर रहे हैं।

श्आर्टिकल 370य का टीजर सामने आने के बाद इस फिल्म की रिलीज की चर्चा तेज हो गई है। इस मूवी की रिलीज डेट की तरफ तो यामी गौतम की ये फिल्म 23 फरवरी 2024 बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। बता दें कि फिल्म उरी–द सर्जिलक स्ट्राइक के निर्देशक और यामी गौतम के पति आदित्य धर इस फिल्म के निर्माता की बागडोर संभाले हुए हैं।

# सनी लियोनी बनीं रेस्टोरेंट की मालकिन, कहा- नई चीजें आजमानी चाहिए

एक्ट्रेस से लेकर एंटरप्रेन्योर और अब एक रेस्तरां मालकिन तक, सनी लियोनी ने अपनी उपलब्धि में कई पंख जोड़े हैं। सनी ने नोएडा में अपना पहला रेस्तरां लॉन्च किया, जिसका नाम



चिकालोका रखा गया है, दो मंजिला रेस्तरां एक्ट्रेस के शानदार जीवन की झलक देता है। 42 वर्षीय स्टार लॉन्च के समय अपने पति डेनियल वेबर के साथ थीं। लियोनी के पास पहले से ही ब्यूटी लाइन है। सनी ने कहा, दुनिया को जीतने के लिए। इसके बाद एक्ट्रेस ने कहा कि वह और अधिक आइडिया बनाना चाहती हैं।

सीरियस बात यह है कि मुझे लगता है कि निवेश करने या बनाने और वास्तव में विचार बनाने के लिए उपयुक्त व्यवसाय ढूंढना है। एक्ट्रेस का मानना है कि एंटरटेनर्स को खुद को सीमित नहीं रखना चाहिए बल्कि अपने ब्रांड वैल्यू का विस्तार करने के लिए आगे बढना चाहिए। सनी ने कहा, मेरा मानना है कि एंटरटेनर्स को सिर्फ फिल्मों और टीवी शो तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए। हमें निश्चित रूप से बाहर निकलना चाहिए और नई चीजें आजमानी चाहिए ताकि हम अपने ब्रांड का कई अलग–अलग तरीकों से विस्तार कर सकें। सनी के साथ सिंगिंग बाउल्स हॉस्पिटैलिटी के निदेशक साहिल बावेजा भी हैं, जिन्होंने साझा किया, हमारा लक्ष्य एक ऐसा वातावरण बनाना है जो सनी की संक्रामक ऊर्जा और आनंदमय व्यक्तित्व को प्रतिबिंबित करे।

# अदिति राव हैदरी ने अपनी पसंदीदा छोटी काली बोटू की स्टोरी की शेयर



एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी ने छोटी काली बिंदी यानी बोट्टू के बारे में एक दिल छू लेने वाला किस्सा साझा किया है, जिसे पहनने के प्रति शुरुआती अनिच्छा से लेकर एक विशेष लगाव बनने तक, वह अब इसे अपनी पसंदीदा के रूप में संदर्भित करती हैं।

दिल्ली 6, मर्डर 3, पद्मावत जैसी फिल्मों में अपने काम के लिए जानी जाने वाली अदिति ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर शनिवार को लहंगे में अपनी खूबसूरत तस्वीरें साझा की।

ब्लैक कलर के लहंगे पर एंब्रॉयडरी का काम है और उन्होंने इसे एक स्वीटहार्ट नेकलाइन वाले मैचिंग ब्लाउज और ट्रांसपेरेंट दुपट्टे के साथ जोड़ा है।

अदिति ने न्यूट्रल मेकअप लुक, हैवी ब्रो और न्यूड पिंक लिप्स को चुना। उन्होंने बालों को सिग्नेचर तरीके से स्टाइल किया। एसेसरीज के तौर पर उन्होंने एक हाथ में मल्टीकलर की चूडियां और मैचिंग झुमका चुना।ओवरऑल लुक को काली बिंदी के साथ पूरा किया गया।छोटी काली बिंदी के बारे में विस्तार से बताते हुए, अदिति ने अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए एक हार्दिक नोट लिखा।उनकी अगली फिल्म गांधी टॉक्स और शेरनी हैं।

# ब्लडी इश्क के लिए विक्रम भट्ट के साथ काम कर रही हैं अविका गौर

बालिका वधू, 1920रू हॉरर्स ऑफ द हार्ट में अपने काम के लिए मशहूर अभिनेत्री अविका गौर जल्द ही महेश भट्ट द्वारा लिखित और विक्रम भट्ट द्वारा निर्देशित फिल्म ब्लडी इश्क में नजर आएंगी।

यह फिल्म 1920रू हॉरर्स ऑफ द हार्ट के बाद भट्ट परिवार के साथ उनका दूसरा सहयोग है। एक्ट्रेस ने फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है।

उसी के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा, मैं भट्ट के साथ अपने दूसरे प्रोजेक्ट को लेकर रोमांचित हूं। महेश जी लेखन का काम संभाल रहे हैं, और विक्रम जी इस बार निर्देशन कर रहे हैं। कृष्णा भट्ट के साथ 1920 पर हमारे पिछले सहयोग के बाद विक्रम भट्ट के साथ काम करना और भी रोमांचक है। मैं फिल्म निर्माण में उनके व्यापक अनुभव से सीखने के लिए उत्सुक हूं।

ऐसे अनुभवी पेशेवरों के साथ जुडना एक बकेट लिस्ट के सपने को पूरा करता है।

उन्होंने आगे कहा, कहानी और पूरी फिल्म की निर्माण प्रक्रिया अविश्वसनीय रूप से दिलचस्प है। हालांकि मैं अभी अपने किरदार के बारे में ज्यादा खुलासा नहीं कर सकती, लेकिन कुल मिलाकर अनुभव अद्भुत रहा है। मुझे ऐसा लगता है कि मैं इसका हिस्सा हूं। मैं उन लोगों के साथ



काम करने के लिए भाग्यशाली हूं जिनकी मैं वास्तव में दिन–रात प्रशंसा करती हूं।

इस बीच, अभिनेत्री के पास पाइपलाइन में अन्य हिंदी और तेलुगु परियोजनाएं भी हैं।

# तेजस्वी प्रकाश ने कैमरे के सामने दिए किलर पोज, बार-बार देखा जा रहा है स्टनिंग लुक

मशहूर टीवी एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश अक्सर किसी वजह से चर्चा में बनी रहती हैं. उन्होंने अपने टीवी शोज से ज्यादा सुर्खियां लव लाइफ और क्यूटनेस के कारण बटोरी है. इसके अलावा तेजस्वी अपने लुक्स की वजह से भी काफी चर्चा में रहती हैं. अक्सर वह फैंस के साथ अपनी ग्लैमरस अदाएं दिखाते हुए सोशल मीडिया पर फोटोज शेयर करती रहती हैं. ऐसे में उनके फॉलोअर्स की लिस्ट भी काफी लंबी होती जा रही है, जो उनकी एक झलक पाने के लिए बेताब रहते हैं. अब फिर से एक्ट्रेस ने फैंस के दिलों की धड़कनें तेज कर दी हैं.

लेटेस्ट फोटोशूट में तेजस्वी को डिजाइनर लूज पैंट और ऑफ शोल्डर टॉप पहने हुए नजर आ रही हैं. उन्होंने अपने इस लुक को मिनिमल मेकअप से कंप्लीट किया है.एक्ट्रेस ने यहां शाइनी बेस, ग्लॉसी लिप्स और न्यूड ग्लिटरी आई मेकअप रखा है. इसके साथ तेजस्वी ने बालों को वेवी टच देकर ओपन हेयर स्टाइल बनाया है.तेजस्वी ने अपने इस लुक को फ्लॉन्ट करते हुए कैमरे के सामने एक से एक स्टनिंग पोज दिए हैं. यहां वह हमेशा की तरह बहुत गॉर्जियस और अट्रैक्टिव दिख रही हैं. अब फैंस के बीच उनका ये नया लुक भी काफी वायरल होने लगा है. चाहने वालो ने उनकी तारीफों के पुल के बांधते हुए कई कमेंट्स किए हैं.दूसरी ओर तेजस्वी के वर्क फ्रंट की बात करें तो बीते वर्ष उन्हें मराठी फिल्म, नागिन 6 और म्यूजिक वीडियोज जैसे कई प्रोजेक्ट्स में देखा गया. हालांकि, इसके बाद से ही एक्ट्रेस ने अपने नए प्रोजेक्ट का ऐलान नहीं किया है.

